डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार 21 मार्च,2023 वर्ष–07 / अंक–299 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## जापानी पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को जी7 की बैठक के लिए किया आमंत्रित

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने नई दिल्ली स्थित

हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच क्रिटिकल टेक्नोलॉजी, डिजिटल समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। लॉजिस्टिक, फूड प्रोसेसिंग, स्टील, एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। 2023 को दूरिज्म एक्सचेंज के रूप में मना रहे हैं। जापानी प्रधानमंत्री ने मई महीने में जी7 की बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

बैठक के बाद क्या बोले दोनों देशों के नेता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जापान की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी, आपसी लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून के शासन पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम और पीएम किशिदा हाल के समय में कई बार मिल चुके हैं और हर बार उन्हें सकारात्मक ऊर्जा महसूस होती है। जापानी पीएम से आज की मुलाकात भी दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से अहम है।

जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जी7 के हिरोशिमा समिट में शामिल होने का न्यौता दिया है और उन्होंने न्यौते को स्वीकार भी कर लिया है। किशिदा ने कहा कि दोनों देश कार्बन उत्सर्जन कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे।

## मुख्यमंत्री योगी का निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हो रही बारिश, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के कारण हुई जनहानि, पशुहानि और फसलों के नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा वितरित करने का निर्देश दिया

है।

उन्होंने अफसरों से फील्ड में भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राहत आयुक्त एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के अधिकारियों को फील्ड में सर्वे करने एवं समस्याओं के तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया।

ओलावृष्टि से ललितपुर में सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान

बीते दिनों हुई ओलावृष्टि से फसलों को सबसे अधिक नुकसान ललितपुर में हुआ है। अमेठी, बुलंदशहर और प्रतापगढ़ जिलों में भी फसलों को नुकसान हुआ है। इसका आकलन शुरू किया गया है। अन्य जिलों में बरसात या ओलावृष्टि का खास असर नहीं बताया जा रहा है। ललितपुर के अलावा ओलावृष्टि किसी जिले में नहीं गिरने की बात। राहत आयुक्त प्रभु नारायण सिंह का कहना है कि ललितपुर में फसल खराब होने का सर्वे कराया जा रहा है। जिलाधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हो रही बारिश, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि के कारण हुई जनहानि, पशुहानि और फसलों के नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा वितरित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने अफसरों से फील्ड में भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राहत आयुक्त एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के अधिकारियों को फील्ड में सर्वे करने एवं समस्याओं के तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। ओलावृष्टि से ललितपुर में सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान

बीते दिनों हुई ओलावृष्टि से फसलों को सबसे अधिक नुकसान ललितपुर में हुआ है।

## अखिलेश होंगे विपक्षी नेताओं को जोड़ने वाले सूत्रधार! कोलकाता की बैठक से मिले ऐसे संकेत

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में कोलकाता में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के कई सियासी मायने भी है। इसमें सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण बिंदु यही है कि अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की राजनैतिक कैमिस्ट्री मजबूत है।तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी देश में विपक्षी नेताओं का बड़ा धड़ा तैयार कर रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर भी देश के विपक्षी नेताओं का बड़ा धड़ा तैयार कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विपक्षी नेताओं का एक बहुत बड़ा धड़ा तैयार कर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। अब बड़ा सवाल यही है क्या यह सभी विपक्षी धड़े एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकाता में हुई है, उससे अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव सभी विपक्षी दलों को एक सूत्र में पिरोने की पूरी कोशिश में लगे हैं। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन करने के साथ ही अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी के साथ बड़ी बॉन्डिंग को लेकर आगे चलने का इशारा साफ कर दिया। सियासी गलियारों में चर्चा हो रही है कि क्या अखिलेश यादव सभी विपक्षी दलों को पिरोने के लिए बड़े सूत्रधार के तौर पर सामने आ रहे हैं।समाजवादी पार्टी की रणनीति को तय करने के लिए कोलकाता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, लेकिन सबसे अहम बात जो सियासी गलियारों में चर्चा का विषय हुई वह यही कि आखिर समाजवादी पार्टी ने कोलकाता को ही क्यों चुना। हालांकि, अखिलेश यादव ने इसका जवाब तो दिया, लेकिन उससे इतर भी कई और पहलुओं को राजनीतिक विश्लेषक अपने नजरिए से ही देख रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में कोलकाता में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के कई सियासी मायने भी है। इसमें सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण बिंदु यही है कि अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की राजनैतिक कैमिस्ट्री मजबूत है। चूंकि, 2024 के चुनावों को लेकर विपक्षी दल एक बार फिर से अलग–अलग जगहों से बड़े राजनैतिक गठबंधन को धार दे रहे हैं। राजनैतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार राहुल बनर्जी कहते हैं कि बीते कुछ समय में बड़े विपक्षी दलों के राजनैतिक आयोजनों में अखिलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।यह भी पढ़ें– अखिलेश यादव बोलेरू एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा, कांग्रेस जैसा ही होगा हालय विपक्षी मोर्चे पर कही यह बात राहुल बनर्जी कहते हैं कि इस वक्त ममता बनर्जी से लेकर केसीआर और नीतीश कुमार से लेकर स्टालिन तक जो भी बड़ा विपक्ष का राजनीतिक दल वलगाई, सबको एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं।उसमें अखिलेश यादव ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कॉमन लीडर के तौर पर सबके साथ जुड़े हैं। इसके पीछे तर्क देते हुए बनर्जी कहते हैं कि अखिलेश यादव इससे पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुके हैं। वह स्टालिन के जन्मदिन पर कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ मंच साझा कर चुके हैं। इसके अलावा अखिलेश यादव की बिहार में नितीश कुमार गठबंधन के साथ चल रही आरजेडी के नेताओं के साथ भी अच्छी पकड़ है। पारिवारिक नातेदारी के चलते अखिलेश यादव लालू यादव के बीच रिश्ते भी बेहतर है। केसीआर पहले ही अखिलेश यादव और ममता बनर्जी के साथ मिलकर बड़े गठबंधन की ओर चलने का इशारा कर चुके हैं। यह भी पढ़ें– स्वामी प्रसाद के एजेंडे से सपा का यू टर्नरू फायदा कम, नुकसान हो रहा था ज्यादाय मौर्य को मंच पर भी नहीं दी जगह राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ममता बनर्जी और कांग्रेस के नेताओं के बीच में आपसी संवाद ना के बराबर होने के चलते इस गठबंधन में कांग्रेस के शामिल करने कि फिलहाल कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। चूंकि नीतीश कुमार पहले ही बगैर कांग्रेस के किसी बड़े गठबंधन की बात स्वीकार कर चुके हैं। ऐसे में वाया अखिलेश यादव, लालू और नीतीश को राजनीतिक गठबंधन के लिए साथ जोड़ने की गुंजाइश भी नजर आ रही है।ऐसे तमाम कयासों के बीच में अखिलेश यादव ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि अभी देश में कई तरह के गठबंधन को लेकर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर एक गठबंधन की कवायद कर रहे हैं।

## निर्विरोध सभापति चुने गए दयाशंकर यादव का गौरी शंकर धाम में किया गया सम्मान

जौनपुर। सहकारी समिति, शाहपुर बदलापुर का पहली बार निर्विरोध सभापति चुने गए दयाशंकर यादव का आज श्रीधाम गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में सम्मान किया गया। मुंबई की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था अमर फाउंडेशन की तरफ से चेयरमैन अमरनाथ तिवारी ने शॉल तथा माला पहना कर दयाशंकर यादव का सम्मान किया। इस अवसर पर महंत दया शंकर दास त्यागी, मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, पूर्व प्रधान रमाशंकर मिश्र, उपसभापति वेद प्रकाश सिंह, सदस्य के रूप में निर्वाचित सूबेदार मौर्य, नीलम देवी, सुशीला देवी लालजी विश्वकर्मा, सिकंदर निषाद, सरोज हरिजन , अखिलेश दुबे, बृजेश दुबे, बद्री प्रसाद दुबे, रामचंद्र दुबे, मुरारी मिश्रा, त्रिलोकी नाथ तिवारी, रमेश मिश्रा,प्रेमचंद पांडे, राजेंद्र सिंह, आजाद मिश्रा स्वतंत्र मिश्रा, कृपा शंकर यादव ,देवेश दुबे, रामपाल तिवारी, सचिन मिश्रा, पप्पू मिश्रा, समेत अनेक मान्यवर उपस्थित रहे।

## गीता पांडे महमदपुर सहकारी समिति की निर्विरोध सभापति निर्वाचित

जौनपुर। रामनगर बाजार में महमदपुर के नाम से संचालित साधन सहकारी समिति के सरपंच व अन्य पदाधिकारीगण का चुनाव राजनैतिक क्षेत्र में एक अलग आदर्श स्थापित करने की सीख दे गया। यहां बुद्धिजीवियों के द्वारा धर्म,जाति और मजहब से ऊपर उठकर न तो मतदान होने की नौबत आने दिया और न ही कोई विरोध किया। सभी नौ डेलीगेट सदस्यों ने सोसायटी का गेट खुलते ही एक दूसरे को मिष्ठान खिलाते हुए पूर्ण सहमति से गीता पत्नी कैलाश नाथ पांडेय को सरपंच घोषित कर दिया। मौके पर जुटे तमाम किसानों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर इधर वाले मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुभाष पांडे, पत्रकार प्रमोद पांडे,पूर्व उप ब्लाक प्रमुख जयनाथ यादव,पूर्व प्रधान भगौती यादव, प्रधान हरसू पाठक, फुलेश तिवारी, समाजसेवी संजय दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, सुशील तिवारी ,कृष्ण मुरारी मिश्र, जगदीश सिंह, जगदीश पांडे, राहुल पांडे,उपसरपंच इंद्रजीत यादव, दिनेश प्रचेता, फूलचंद यादव, अमरनाथ तिवारी, काशीनाथ तिवारी, राजनाथ तिवारी, हरिप्रसाद तिवारी,संजय सिंह, सुरेश तिवारी, राजनाथ तिवारी, हरिश्चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

## शाहगंज महोत्सव में 501 जोड़ों का कराया गया विवाह

जौनपुर , रामलीला मैदान शाहगंज में शाहगंज महोत्सव एवं मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव एवं पूर्व सांसद प्रतापगढ़ कुँवर हरिवंश सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री एवं पूर्व सांसद द्वारा उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, उद्यान, कृषि, लघु सिंचाई, आपूर्ति विभाग, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, प्रोबेशन, श्रम, पशुपालन, बाल विकास, स्वतः रोजगार, कौशल विकास मिशन, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य, पंचायती राज, जल निगम, आवास, मनरेगा, बैंक, कौशल विकास द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि शाहगंज महोत्सव विधायक शाहगंज रमेश सिंह द्वारा यह नेक पहल है, शाहगंज महोत्सव को धूमधाम से मनाये।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों की संख्या में सामूहिक विवाह कराये गए विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई जिसके लिए प्रशासन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों योजनाओं का लाभ स्टाल के माध्यम से लोगों को दिया गया। विधायक रमेश सिंह द्वारा विधानसभा में चतुर्मुखी विकास किया जा रहा है। इसमें शाहगंज की जनता का भी भरपूर सहयोग है। महोत्सव में लगभग 501 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गयी और मौके पर पंजीकरण कराया गया। सेवायोजन विभाग एवं कौशल विकास मिशन, सरकारी बैंक उद्योग विभाग एवं खादी ग्राम उद्योग द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 15 से अधिक निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 248 युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश दयाशंकर मिश्र (दयालू) उपस्थित रहे। उन्होंने सफाई कर्मी, किसान और पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक बदलापुर रमेश मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधिगण जिलाध्यक्ष सदर पुष्पराज, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा, जिला विकास अधिकारी बी०वी० सिंह, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामदरस यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिशेखर, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव सहित उपस्थित सभी ने वर बधुओं को शुभकामना दिया।

## घनश्यामपुर सहकारी समिति के सरपंच बने अवधेश यादव

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अवधेश यादव आज हुए सरपंच चुनाव में घनश्यामपुर सहकारी समिति के सरपंच निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 6–3 मतों से पराजित किया। अवधेश यादव के समर्थकों ने माल्यार्पण द्वारा उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुभाष चंद्र पांडे अमर फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, प्रधान चंद्रशेखर यादव, गिरजा शंकर यादव ,कमल यादव जितेंद्र यादव,संजय यादव पूर्व प्रधान, उपेंद्र यादव पप्पू प्रधान,सिकन्दर यादव पूर्व प्रधान, नीरज यादव ,बृजेश यादव ,मोहन यादव फौजी ,गोरख यादव ,भोला यादव, मुन्ना यादव ,अच्छेलाल यादव, मुरारी मिश्र ,हर्षू प्रसाद पाठक प्रधान ,बबलू तिवारी , रामपाल यादव, डा कामता प्रसाद , ओम प्रकाश यादव वकील साहब, डा राम आसरे यादव, वैरागी यादव, राजनाथ यादव, राज केशर यादव, आदि उपस्थित रहे।

## पॉलिथीन में कमर के नीचे का हिस्सा, खोपड़ी और हाथ..... दिल्ली में हत्या की सनसनी वारदात

दिल्ली में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां एक महिला की कई टुकड़ों में लाश मिली है. बदबू आने पर लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है. गौरतलब है की सराय काले खां इलाके की सनलाइट कॉलोनी थाना पुलिस को दोपहर करीब 12रू00 बजे संदिग्ध पॉलिथीन के बारे में सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पॉलिथीन को खोला तो उसमें महिला के शरीर के टुकड़े मिले. सफेद कलर की इस पॉलिथीन में खोपड़ी, कमर के नीचे का हिस्सा, कटा हुआ हाथ और एक पंजा मिला है. इस मामले की खबर आग की तरह फैल गई है. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुटी है. हालांकि अभी तक लाश की पहचान नहीं कर पाई है. सूचना पर एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए. इस मैटर को समझाने के लिए लोकल पुलिस और क्राइम ब्रांच को लगाया गया.

## हत्या के प्रयास के आभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा दिलायी गयी

कौशाम्बी दिनांक 10.11.2001 को वादी रतन कुमार पुत्र छेदीलाल नि0 फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा मेरे उपर जान से मारने की नियत से देशी तमंचा से फायर किया गया । इस सम्बन्ध में थाना पूरामुफ्ती पर मु0अ0सं0 160﴾2001 धारा 307 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त रोशन लाल पुत्र राम सजीवन नि0 फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को दिनांक 20.03.2023 को मा0 न्यायालय एडीजे प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10 वर्ष कारावास तथा 20,000 ﴾– रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया । अर्थ दण्ड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी ।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मो0पुर पइन्सा पुलिस उ0नि0 मुन्ना सिंह यादव मय हमराह पुलिस द्वारा 04 नफर अभियुक्तों 1. राज करन पुत्र लल्लू 2. जयकरन पुत्र लल्लू 3. लालचन्द्र पुत्र दहाड़ी 4. महेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र बेचू लाल नि0गण मो0पुर अनेठा थाना मो0पुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 200 रू0 मालफड तथा जमातलासी के दौरान 800 रू0 बरामद कर मु0अ0सं0 47﴾23 धारा 13 जूआ अधि0 पंजीकृत किया गया ।

## इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा﴾हरा चारा राशन अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई﴾अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल﴾गौशालाओं पर दान करें जिलाधिकारी

कौशाम्बी समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष नगर पालिका﴾नगर पंचायत, समस्त ग्राम प्रधान, समस्त कृषक एवं पशुपालक, भूसा क्रेता व विक्रेता, समाज सेवी संस्थायें, कोटेदार, गौ प्रेमी एवं अन्य समस्त जनपदवासियों जैसा कि आपको विदित हैं कि जनपद में संचालित 82 स्थाई﴾अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर आपके सहयोग से 13798 गोवंश संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। विगत वर्षों में आपके द्वारा भूसा महादान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में भूसा﴾हरा चारा एवं अन्य सामाग्री का दान किया गया है, जो कि निराश्रित बेसहारा गोवंश के भरण पोषण कार्य में लाभकारी सिद्ध हुआ। जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया है कि इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा﴾हरा चारा राशन अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई﴾अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल﴾गौशालाओं पर दान करें, जिससे गोवंश संरक्षण में पूर्व की भांति आपकी सहभागिता एवं सहयोग बनी रहें।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में आयोजित रोवर्स﴾रेन्जर्स के लिए विश्वविद्यालयी समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ



कौशाम्बी जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित रोवर्स﴾रेन्जर्स के लिए विश्वविद्यालयी समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रोवर्स﴾रेन्जर्स में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अकेडमिक के अलावा अन्य गतिविधियों में भी बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए, इससे व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने कहा कि किसी प्रतियोगिता में विजेता होने से ज्यादा अहम प्रतिभाग करना होता है। उन्होंने कहा कि भवन्त मेहता कॉलेज बहुत ही पुराना एवं जनपद का प्रतिष्ठित कॉलेज है। उन्हांने छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की कि परिश्रम से पढ़ाई कर अपने महाविद्यालय व जनपद का नाम रोशन करें। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई व रोवर्स﴾रेन्जर में प्रतिाग करने वाले छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्हांने कहा कि शिक्षा के साथ ही अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने से व्यक्तित्व का विकास होता है।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल क०लेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के दियें निर्देश



कौशाम्बी जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेक्चर हाल, लाईब्रेरी व ऑडिटोरियम के फिनीशिंग कार्यों में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यां की प्रगति के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी फ्लोर पर एक साथ टाइल्स एवं फिनीशिंग आदि के कार्य तेजी से कराया जाय, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हों सकें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए आवश्यकतानुसार और लेबर लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड–वन, प्रयागराज श्री के0के0 श्रीवास्तव को नियमित पर्यवेक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0एस0 को अस्पताल परिसर की साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा पार्किंग में वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ी कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में लोगों के बैठने के लिए और बेंच लगवाने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्री प्रखर उत्तम एवं ई0ओ0 मंझनपुर श्री सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626

## जनता की समस्याओं के निस्तारण पर कार्य करें एआईएमआईएम कार्यकर्ता

गोरखपुर। आल इण्डिया मजलिस –ए – इत्तेहादुल मुस्लीमन (एआईएमआईएम) के मण्डल प्रभारी एवं पंचायत सदस्य मुहम्मद अख्तर वसीम मुन्ना अंसारी के गोरखपुर प्रथम आगमन पर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कैश अंसारी के नेतृत्व में जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत गोरखपुर में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महानगर के कई वार्डों के प्रत्याशी भी मौजूद थे।बैठक की समीक्षा करते हुए अख्तर वसीम मुन्ना अंसारी ने कहा कि एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदउद्दीन औवैसी एवं प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के सपनों को साकार करने के लिए नगर निगम के चुनाव में सर्वाधिक प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए प्रण लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम की मजबूती से सारे प्रत्याशी भयभीत हैं। मुन्ना अंसारी ने कहा कि एआईएमआईएम की सोच है कि देश में एकता और अखंडता की बुनियाद पर हिन्दू–मुस्लिम भाईचारे के रिश्ते को बल मिले। उन्होंने एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं और महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कैश अंसारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में एआईएमआईएम का ही बोलबाला रहेगा। क्योंकि सर्व समाज के हित की बात अगर कोई व्यक्ति करता है तो वह ओवैसी साहब है। अंसारी ने कहा कि महानगर की बैठक सभी को ऊर्जावान बनाने के संदर्भ में आयोजित है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को चाहिए कि जनता की समस्याओं को लेकर आधिकारियों तक पहुंचने की जरूरत है। जब जनता की सेवा और समस्याओं का निस्तारण होगा। तभी जनता का जुड़ाव एआईएमआईएम से होगा और पार्टी मजबूत होगी। समीक्षा बैठक से संतोष प्रकट करते मुन्ना अंसारी ने कहा कि नगर निगम चुनाव सभी के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। इस चुनाव को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कैश अंसारी ने कहा कि एआईएमआईएम नगर निगम चुनाव को संजीदगी से लड़ेगी। उन्होंने मण्डल प्रभारी मुहम्मद अख्तर वसीम मुन्ना अंसारी का स्वागत करते हुए कहा कि नगर निगम के चुनाव में पार्षद प्रत्याशियों का आवेदन पत्र आ चुका है। साथ ही कई वार्डों के प्रत्याशी घोषित भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम ही देश में भाईचारे को मजबूती देने में सक्षम है। एआईएमआईएम के साथ बड़ी तेजी से सर्व जुट रहा है। अंसारी ने कहा कि नगर निगम चुनाव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। सभी कार्यकताओं को मजबूती से चुनाव में लग जाने की आवश्यकता है। बैठक को वरिष्ठ नेता सदरूल हक खालिदी, एम. इरफान मुगल, सुरेंद्र कुमार, सीताराम भारती, महफूजुर्रहमान एवं सहमद अली ने सम्बोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से इबरार अहमद, एहसान अंसारी, जावेद अख्तर, सलीम, लल्लन पटेल, सैफ अंसारी, शमीम, मास्टर वसीम एवं रईस आलम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 22 मार्च को

संयुक्त आयुक्त उद्योग﴾उपायुक्त उद्योग(अ0प्र0) जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया है कि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक दिनांक 22.03.2023 को अपरान्ह 04:00 बजे से संगम सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में निर्धारित की गयी है।

## थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त अन्तर्गत धारा 151 107 116 सी0आर0पी0सी0 में गिरफ्तार

थाना कौंधियारा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों 1. रामअचल उर्फ कलन्दर पाल पुत्र स्व0 लालाराम पाल निवासी ग्राम सलैया नौगवा थाना कौधियारा जनपद प्रयागराज व 2. जगुनाथ पाल पुत्र स्व लालाराम पाल निवासी सलैया नौगवा थाना कौन्धियारा जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 20.03.2023 को शांति भंग की अंदेशा में धारा 151﴾107﴾116 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–1.रामअचल उर्फ कलन्दर पाल पुत्र स्व0 लालाराम पाल निवासी ग्राम सलैया नौगवा थाना कौधियारा प्रयागराज, उम्र 55 वर्ष 2. जगुनाथ पाल पुत्र स्व लालाराम पाल निवासी सलैया नौगवा थाना कौन्धियारा जनपद प्रयागराज, उम्र 50 वर्ष गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–1.उ0नि0 प्रेमशंकर, थाना कौधियारा कमिश्नरेट प्रयागराज

## थाना सरायइनायत पुलिस द्वारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के अन्तर्गत 06 अभियुक्त

थाना सरायइनायत द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत रामनाथपुर रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी से अभियुक्तगण 1.निजामउद्दीन पुत्र स्व0 हाजीलाल मोहम्मद निवासी ग्राम ककरा थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 45 वर्ष 2.यशवंत सिंह पुत्र स्व0 दिनेश प्रताप सिंह निवासी ग्राम कोटवां थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज 27 वर्ष 3.बबलू यादव पुत्र स्व0 लल्लन यादव निवासी ग्राम कोटवा थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 32 वर्ष 4. मेंहदी हसन पुत्र कल्लू निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 58 वर्ष 5. अमित कुमार पुत्र हरिशचन्द्र निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 20 वर्ष 6. मोहम्मद राजू पुत्र मेहंदी हसन निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। कब्जे 52 ताश के पत्ते व 1100 रू0 नकद तथा जामातलाशी से 800 रूपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी﴾बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सरायइनायत में मु0अ0सं0 0078﴾2023 धारा– 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अपराधी का नाम व पता1.निजामउद्दीन पुत्र स्व0 हाजीलाल मोहम्मद निवासी ककरा थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 45 वर्ष 2.यशवंत सिंह पुत्र स्व0दिनेश प्रताप सिंह निवासी कोटवां थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 27 वर्ष 3.बबलू यादव पुत्र स्व0 लल्लन यादव निवासी ग्राम कोटवा थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 32 वर्ष 4. मेंहदी हसन पुत्र कल्लू निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 58 वर्ष 5. अमित कुमार पुत्र हरिशचन्द्र निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र 20 वर्ष 6. मोहम्मद राजू पुत्र मेहंदी हसन निवासी जैतपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराजबरामदगी का विवरण52 ताश के पत्ते व 1100 रू0 नकद तथा जामातलाशी के 800 रूपये पंजीकृत अभियोगमु0अ0सं0 0078﴾2023 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम थाना सरायइनायत, कमिश्नरेट प्रयागराजगिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम1. उ0नि0 आशुतोष दीक्षित थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज2. उ0नि0 अनीश भारद्वाज थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज3. हे0का0 गणेश राय थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज4. हे0का0 इमामउद्दीन थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज 5.हे0का0 अजय तिवारी थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज

## दो सम्मान से सम्मानित किए गए दिव्यांग समाजसेवी लवलेश सिंह

दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज एवं दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले ऐसे दिव्यांग जो दिव्यांग होते हुए अपना अधिकतर समय दिव्यांगों की सेवा में लगाते हैं ऐसे समाजसेवी लवलेश सिंह को दो संस्थाओं ने अलग–अलग स्थानों पर सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए अनाम स्नेही परिवार एवं लोक सेवक मंडल द्वारा आयोजित राजर्शी टंडन गेस्ट हाउस प्रयागराज मैं होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सुभाष राठी एवं श्री नारायण यादव के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य सब को सम्मान एवं समाज के लिए कार्य करने वाले लोगों को सम्मान देना था इस कार्यक्रम में मात्र शक्तियों एवं दिव्यांग जनों को सम्मानित किया गया जिस के मुख्य अतिथि लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा वशिष्ठ अतिथि सविता यादव त्रिपाठी थी

## बूथ शसक्तिकरण अभियान,नगरनिकाय चुनाव,राष्ट्रपति अभिभाषण की समीक्षा वैठक सम्पन्न

प्रयागराज। बूथ सशक्तिकरण अभियान भाजपा की नीवं है। अगर कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी से मेहनत करके सही कार्यकर्ताओं का चयन कर गठन कर लिया तो कोई भी कार्यकर्ता किसी भी चुनाव में भाजपा का परचम लहरा देगा। किसी माई के लाल मे चुनाव हराने की क्षमता नही होगी। चूंकि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार ने जनता के बीच जनता के हित में अनगिनत एतिहासिक कार्य किए है। जनता बार–बार भाजपा सरकार बनाने की कमर कस चुकी है उक्त बाते मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र महामंत्री शुशील त्रिपाठी ने बूथ सशक्तिकरण अभियान, नगरनिकाय चुनाव व राष्ट्रपति के अभिभाषण की समीक्षा बैठक करतें हुए सोमवार को सायं भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइंस मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। शुशील त्रिपाठी ने काशी क्षेत्र के सभी जिलो से अग्रणी कार्य पर यमुनापार की सरहना किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती करते हुए कहा कार्यकर्ता सभी कार्यो को करते हुए नगरनिकाय व लोकसभा मे जीत का इतिहास रचेगें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि काशीक्षेत्र महामंत्री ने विन्दूवार समीक्षा करते हुए यमुनापार जिले मे प्रवास पर रहेगें। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता,पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय,बूथ प्रबंधन जिला संयोजक राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, नगर निकाय जिला संयोजक ज्ञान सिंह पटेल आदि ने भी विचारो को रखा। संचालन जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला ने किया।बैठक मेक्षेत्रिय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा,जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,अश्वनी सिंह पटेल, सुबोध सिंह,मनोज पासी,संतोष त्रिपाठी,जय सिंह पटेल,अशोक पांडेय,राजेश धनगर,शिवराम सिंह परिहार, प्रकाश शुक्ल,कृष्णदास गुप्ता,अनूप केसरवानी,दिलीप कुमार चतुर्वेदी,शतीश विश्वकर्मा,सरदार पतविंदर सिंह,सुभाष सिंह पटेल,सुधाकर पांडेय,राजमणि पासवान,कुशलजैन,श्रीराम त्रिपाठी, जितेंद्र जी,अमरेश तिवारी,पृथ्वीराज साहू आदि के साथ सभी जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी,नगरनिकाय चुनाव से सम्बंधित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## देश की तरक्की व मुल्क मैं आपसी भाईचारे के लिए की गई दुआएं

प्रयागराज। हजरत ख्वाजा जियाउद्दीन रहमतुल्लाह अलैहे का दो रोजा सालाना उर्स मुबारक 19 या 20 मार्च को कोतवाली परिसर में मनाया गया जिसमें 19 मार्च रविवार को फज्र की नमाज के बाद कुरान खानी से उर्स का आगाज हुआ और 10 बजे गुस्ल की रस्म को अदा किया गया बाद नमाज ईशा रात्रि 8रू00 बजे से महफिले मिलाद का आयोजन हुआ मिलाद ए मुस्तफा में आये शायरों ने अपने कलाम से आये हुए जायरीनों को वाह–वाह करने पर मजबूर कर दिया मिलाद ए मुस्तफा में उलमा ए इकराम इस्लामी तकरीर से लोगों को नबी के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी उर्स के दूसरे दिन सोमवार को रात बाद नमाज मगरिब फातिहा वा बाद नमाजे ईशा रात 8रू00 बजे से महफिले शमा का आयोजन किया गया जिसमें काकोरी से आए हुए कव्वाल पप्पू काकोरी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए अकरम शगुन ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया उनके कलाम पर नजराना पेश किया महफिले शमा की सदारत दरबारे सफवी के सज्जादा नशीन अलहाज हकीम रिजवान हामिद सफवी साहब ने किया इस मौके पर कई खानखाओ के गद्दी नशीन मौजूद रहे महफिले शमा का दौर सोमवार की देर रात तक चलता रहा महफिले शमा की समाप्ति के बाद दुआ में मुल्क की तरक्की वह आपसी भाईचारे की के लिए दुआ की गई इस मौके दूरदराज से आए मेहमानों लिए उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद महबूब दावर ने लंगर का इंतजाम किया था जिसमें लोगों को तबर्रुक भी दिए गए इस मौके पर मोहम्मद आमिर मुन्नू भाई शाहनवाज युसूफ कमाल अनिल कसेरा संदीप कुमार केसरवानी तेज बहादुर सिंह शाहनवाज याकूब रशीद भाई रहिद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे

## आजादी के अमृत महोत्सव में कवियों ने अपनी रचनाओं से जहां दिया एकता का संदेश तो वहीं दहशतगर्दी पर किया प्रहार

प्रयागराज–यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी व भाषा संस्थान–भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में अहमदगंज स्थित ताहिरा हाऊस में नामचीन कवियों ने जहां अपनी रचनाओं से भारतीयता का संदेश दिया वहीं दहशतगर्दी पर प्रहार करते हुए तालियां बटोरीं।भाषा संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव व यूनिवर्सल ह्यूमन सोसाइटी के कन्वीनर शफकत अब्बास पाशा के संयोजन में हुए कार्यक्रम में कवियों और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मोमेन्टो शॉल और गुल्दस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया।रुस्तम साबरी के संचालन में अनवार अब्बास ,डॉ नायाब बलियावी ,यश मालवीया ,लोकेश शुक्ल ,मखदूम फूलपूरी , शैलेन्द्र मधुर , डॉ पीयुष मिश्र , उमाशंकर अनुज , श्रीमती श्रतान्धरा मिश्र ,सुश्री साम्भवी सिंह ,सुश्री मिसबाह इलाहाबादी , सुश्री सीमा अक्सीर आदि ने अपनी रचनाओं से भावविभोर कर दिया।नायाब बलियावी के शेर न टूट सकेगा हिन्दुस्तान...लहू का इक कध्तरा इसपे कर देंगे कधुरबान की पंक्तियों पर जहां जमकर ताली बजी वहीं उन्हें इस कविता पर प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया गया।हसन नकध्वी ,अब्बास गुड्डू , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,जफर रजा ,अहसन आब्दी ,जैनुल अब्बास ,अजमत आदि शामिल रहे।

## जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता से समूह या परिवार कमजोर होता है

प्रयागराज भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सभी पदाधिकारी अपना दायित्व बोध स्वयं समझें और उस के प्रति सचेत रहें जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता से परिवार अथवा संगठन कमजोर होता है और आम सदस्यों में आक्रोश की भावना बलवती होती है , इसलिए सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को अपने दायित्व बोध के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए द्य महासंघ इसी खूबियों के लिए जाना जाता है परोक्त उद्गार भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी ने उस समय व्यक्त किए जब वे महासंघ की महानगर इकाई की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील में प्रतिमाह महासंघ की बैठक की व्यवस्था बनाई गई है और ऐसी स्थिति में यदि जिम्मेदार पदाधिकारी इससे भागते हैं तो यह उनकी निष्क्रियता का द्योतक है उन्हें स्वयं अपने दायित्व के प्रति सतर्क रहना चाहिए जिनके पास महासंघ के लिए समय नहीं है उन्हें किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी भी नहीं स्वीकार करनी चाहिए द्य श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि महासंघ सदस्यों के प्रति सदैव जागरूक रहता है इसी खूबियों के चलते महासंघ की पहचान अन्य पत्रकार संगठनों के अपेक्षा अलग है अपने विचार व्यक्त करते हुए महानगर इकाई के संरक्षक शिवेश कुमार राय ने कहा कि जब हम परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करेंगे तभी सबको साथ लेकर चल सकते हैं यदि हमें जिम्मेदारी का निर्वाह करने में कोई कठिनाई है तो परिवार के सामने स्पष्ट बता देने में कोई हर्ज नहीं है इसी प्रकार जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि महासंघ के जो पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगे उनके दायित्व परिवर्तन के लिए महासंघ पुनर्विचार करेगा ऐसे में यदि किसी के पास संगठन के लिए महीने में मात्र एक बार 2 घंटे के लिए भी समय नहीं है तो उन्हें अपना पद छोड़ देना चाहिए द्य महाराष्ट्र मंडल अलोपीबाग में हुई बैठक में महानगर इकाई के महासचिव विकास केलकर ने कहा कि बांधकर कभी भी बाजार नहीं लगाई जा सकती इसलिए हम सबको मिलजुल कर अपने परिवार के उत्थान के लिए इस संगठन के विस्तार के लिए एकजुट होकर काम करना होगा और यदि हम महीने में 1 दिन 2 घंटे का भी समय नहीं दे सकते तो फिर संगठन को आगे बढ़ाने में हम क्या सहयोग कर पाएंगे द्य सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर से संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और महानगर इकाई का एक विशेष सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया द्य अप्रैल माह की बैठक में जिला महासचिव सुधीर सिन्हा और महानगर अध्यक्ष शिवपूजन सिंह को व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई बैठक में अनिल कुमार धुरिया , हिमांशु गुप्ता ,आनंद वैश्य सुदर्शन ने भी अपने विचार रखे

## राजस्व विभाग द्वारा 15 वर्षो से कब्जा की हुई जमीन को मुक्त कराया गया

कौशाम्बी नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 स्वामी विवेकानंद नगर सैता में 15 वर्षो से अवैध रूप से कब्जा की हुई जमीन को राजस्व विभाग द्वारा कब्जा मुक्त कराई गई ।बताते चले कि नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 13 सवामी विवेकानंद नगर सैता में दिनाई पुत्र राम सजन के द्वारा लगभग 15 वर्ष से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था और उस कब्जे में गांव के प्रधान द्वारा सड़क निर्माण भी था जो की राजस्व विभाग के सशक्त अधिकारी क्षेत्रीय लेखपाल सुमित केसरवानी और नगर पालिका के लेखक लिपिक जोनल अधिकारी बबलू गौतम की उपस्थिति में व मूरतगंज चौकी प्रशासन की उपस्थिति में कब्जा को मुक्त कराया गया।

## जिलाधिकारी ने लाइसेंस तथा परिवहन से सम्बंधित कार्यो में पारदर्शिता बनाये रखने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर, जसरा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय घूरपुर जसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच करते हुए बच्चों से पहाड़ा, गुणा एवं अंग्रेजी के शब्दों की मीनिंग पूछा तथा अध्यापकों से कहा कि और मेहनत करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसरा का निरीक्षण किया तथा वहां पर उन्होंने साफ–सफाई, भोजनालय, बच्चों के खेलने तथा जो बच्चों को खिलाया जाता है, उसकी गुणवत्ता की जानकारी ली और छात्रावास का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, पुस्तकें, बैज तथा खाने आदि की जानकारी लेते हुए कहां कि बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या न आये, वहां पर मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। बायोमैट्रिक मशीन की क्रियाशीलता को भी चेक किया। व्यवस्थायें ठीक पायी गयी। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने नैनी में सम्भागीय परिवहन की नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने लाइसेंस कक्ष का निरीक्षण करते हुए औसत प्रतिदिन कितने लाइसेंस बनाये जाते है कि जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि लाइसेंस तथा परिवहन से सम्बंधित कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखा जाये। इसस में बिचौलियों का हस्तक्षेप न होने पाये। उन्होंने वहां पर साफ–सफाई रखने तथा खाली स्थानों पर वृक्षारोपण भी किये जाने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर आर0टी0ओ0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बढ़े हुए गृहकर, जलकर के विरोध में गरजे कांग्रेसी

प्रयागराज। शहर कांग्रेस कमेटी ने आज बढ़े हुए गृह कर एवं वाटर टैक्स के विरोध में नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

उक्त अवसर पर कांग्रेसियों ने धरना स्थल पर सभा भी की सभा में बोलते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने कहा कि नगर निगम द्वारा परिवर्तन, परिवर्धन के बहाने हाउस टैक्स वाटर टैक्स सीवर टैक्स में अत्यधिक वृद्धि कर दी गई है जबकि नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम द्वारा प्रदत मूलभूत नागरिक सुविधाओं की निरंतर उपेक्षा की जा रही है। श्री अंशुमन ने कहा कि शहर के विभिन्न मोहल्लों में साफ सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है मच्छरों का प्रकोप जारी है शहर के विभिन्न मोहल्लों में मुख्य सड़कें गलियां क्षतिग्रस्त हैं स्ट्रीट लाइट जगह–जगह बुझी है वर्तमान में नागरिक हाउस टैक्स वाटर टैक्स सीवर टैक्स में हुई वृद्धि से परेशान है। इसके बाद अपर नगर आयुक्त को एक ज्ञापन भी कांग्रेसियों ने सौंपा। जिसमें यह मांग की गई है कि नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए गृह कर को समाप्त किया जाए तथा नया गृहकर मूल्यांकन नगर निगम चुनाव 2023 के उपरांत निर्धारण की कार्यवाही की जाए। गृहकर में नागरिकों को राहत हेतु ओटीएस योजना लागू की जाए वित्तीय वर्ष 2020 से नियम विरुद्ध बढ़ाए गए वाटर टैक्स वृद्धि को समाप्त किया जाए तथा नियमानुसार वाटर टैक्स निर्धारण सुनिश्चित किया जाए। मच्छरों के प्रकोप से नागरिकों को निजात दिलाया जाए ।नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों गलियों को मरम्मत कराई जाए। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर किया जाए। उक्त अवसर पर सर्वश्री उज्जवल शुक्ला, बाबा अभय अवस्थी, मोहम्मद असलम, मुकुंद तिवारी, परवेज अंसारी, अनूप सिंह, नफीस अनवर, मोहम्मद शहाब, अशोक सिंह, जिया उबैद,रवि प्रकाश,अल्पना निषाद,मीरा देवी,मोहम्मद इरफान, मानस शुक्ला, सत्या पांडेय, इरशाद उल्ला,निशांत रस्तोगी, राकेश श्रीवास्तव,मोहम्मद शहाब, इशरत अली, चमन रावत,विनोद दिक्षित, रेयाज अहमद,राज कुमार सिंह रज्जू, राम मनोहर मनोरथ सरोज, राज कुमार शुक्ला, संजय सिह,नयन कुशवाहा,इशतियाक अहमद,अजेंद्र गौड़, दत्तात्रेय त्रिपाठी, विनोद सिंह,राकेश पाठक,अंजुम नाज,विनय पाण्डेय, अबदुल कलाम आजाद, अफरोज अहमद, परवेज मिर्जा, भरत लाल, राज कुमार कुशवाहा, रमेश सोनकर, शिव शंकर मिश्रा,नूरूल कुरैशी, निजामुद्दीन, प्रदीप वर्मा,आशा देवी,शीला रावत,भरत लाल, रमेश सोनकर,आशीष यादव,सतीश श्रीवास्तव, फहीम खान,मोहम्मद अरमान, मोनीता सक्सेना, मुनना यादव,गुलशन नेता,सोम राज वर्मा, आदि ने सम्बोधित किया।

## सनातन मानव सेवा संस्थान का सपरिवार होली मिलन व सह भोज कार्यक्रम हुआ संपन्न

सनातन मानव सेवा संस्थान प्रयागराज का सपरिवार होली मिलन व सह भोज कार्यक्रम सुहागन गेस्ट हाउस भवापुर करेली प्रयागराज में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें विशेष अतिथि के तौर पर डॉ प्रेम शंकर, श्याम सुंदर सिंह पटेल, पार्षद राजेश कुमार कुशवाहा, शिवचरण सिंह आदि उपस्थित रहे अध्यक्षता सरजीत सिंह ,तसंचालन राजकुमार त्रिपाठी, संयोजन व स्वागत इंजीनियर विश्व चंद्र शुक्ला ,डॉक्टर अजय मिश्रा ,विनय मिश्रा ,श्रीमती आशा त्रिपाठी आदि ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व हनुमान चालीसा पाठ से शुरू हुआ संगीत कलाकारों की टीम राजेश यादव ,सुनील सरगम ,दीपेश पांडे, राजेश शर्मा, रामकरण यादव ,अजय कुमार व एमपी दुबे ने संगीतमय सुमधुर वाद्य ध्वनि के साथ शुरू किया तत्पश्चात गुलाब की पंखुड़ियों की पुष्प वर्षा कर लोगों के माथे में अबीर का टीका लगाकर गले मिल एक दूसरे को होली व नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं व बधाइयां दिया मंच पर उपस्थित लोगों को गुलाबी पगड़ी वाला मुकुट पहनाकर स्वागत किया तथा भारत माता की जय ,वंदे मातरम् ,सनातन मानव की जय, जय श्री राम ,होलिका मैया की जय आदि नारों के बीच लोगों ने गीत गाया व नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें पंडित राधे मोहन शर्मा ने साज बाज के साथ लटिया गैले.....,रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे .....आदि कई गीतों से लोगों को झुमाया, नचाया व स्वयं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांधी व ढेर सारी तालियां बटोरी ,लोगों ने नोटों की न्योछावर कर हारमोनियम मास्टर को देते रहे जो बहुत ही आकर्षक रहा इस बीच महिलाओं ने भी नृत्य प्रस्तुत किए छोटे–छोटे बच्चों ने डीजे के धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने व प्रशंसा करने के लिए मजबूर किया इसी तरह संगीत कलाकारों की टीम राजेश यादव, सुनील सरगम ने होली खेले अवध रघुवीरा....., होली खेले जाऊंगा बरसाने .....,केकरे संग खेले होली ....आदि गीतों व भजनों से लोगों को मन मुग्ध कर दिया क्र्याक्रम के दौरान बीच–बीच में ठंडाई व जलपान की सेवाएं चलती रही इस अवसर पर डॉ प्रेम प्रकाश व श्याम सुंदर सिंह पटेल ने कहा कि कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा आयोजक गण बधाई के पात्र हैं ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द, भाईचारा व एकता कायम होती है तथा कटुता समाप्त हो कर हर इंसान के अंदर मानवीय भाव जागृत होते हैं जिससे समाज व देश का विकास होता है यही होली पर्व हमें संदेश देती है ऐसे आयोजन व धर्म पुण्य के कार्य समय समय पर होते रहना चाहिए कार्यक्रम के उपरांत सह भोज का आयोजन रहा ,सभी लोग भोजन कर आनंदित हुए व लोगों ने खुशी जाहिर कर कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में राज कुमार त्रिपाठी, सरजीत सिंह ,श्याम सुंदर सिंह पटेल, बद्री प्रसाद ,शिव चरण सिंह, राधे मोहन शर्मा ,अरुण कुमार मिश्र, संतोष पांडे ,संजय कुशवाहा ,दिलीप कुशवाहा, अजय मिश्रा ,विनय मिश्रा, संतोष मिश्रा ,श्यामलाल पांडे ,बी सी शुक्ला ,आशा त्रिपाठी ,पूनम चौबे एन के यादव आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन सरजीत सिंह ने किया और कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ

## प्रेम के रंग में रंग जाने का नाम है होली

प्रयागराज,विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा मुट्ठीगंज में आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर पर होली की बधाई देते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि होली का पावन पर्व पर सनातन धर्म का पवित्र आदर्श है जो प्रेम एकता भाईचारा विश्वास कर्तव्य का प्रतीक है और भक्त और भगवान के बीच की एक विश्वास की डोर है होली है

इस अवसर पर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंदगिरी जी महाराज एवं विश्व हिंदू महासंघ के संभाग प्रभारी राम प्रसाद यादव एवं भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि होली के पावन पर्व पर ईर्ष्या और बुराई का त्याग कर प्रेम के रंग में रंग जाने का नाम होली है कार्यक्रम के संयोजक विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अमित केसरवानी रहे इस अवसर पर कान्हा और राधा की फूलों की होली का भव्य नृत्य का आयोजन हुआ

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी राजकुमार केसरवानी, बजरंगी निषाद, सुनील केसरवानी, जिलाध्यक्ष मातृशक्ति प्रकोष्ठ,रोशनी अग्रवाल, नीरज अग्रवाल,स्वारिका भारद्वाज, प्रेमा श्रीवास्तव, पूनम तिवारी, अतुल खन्ना, बृजेंद्र त्रिपाठी, सत्यम जी महाराज,एवं सैकड़ों विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

## नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी मन्दिरों के प्रधान पुजारियों से अपील कर रहे हैं

प्रयागराज नगर निगम द्वारा नवरात्र नव संवत्सर के प्रारम्भ होने से पहले सभी मन्दिरों के आसपास विषेष स्वच्छता अभियान कर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की गन्दगी से परेशानी न हो सभी जोनल अधिकारी अपने अपने वार्डो के साथ साथ जहाँ जहाँ छोटी बडी मन्दिर के पास अपने सफाई कर्मी की टीम सफाई बनायें रखने के लिए कहा नगर निगम की कुडा गाडी हर मन्दिरो के आसपास विषेष स्वच्छता बनाये रखने के लिए साथ ही आसपास किसी प्रकार से पानी न जमा होने पाये आसपास की नाली साफ स्वच्छ बनायें रखने के लिये सफाई कर्मी लगाये गये है वही नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी मन्दिरों के प्रधान पुजारियों से अपील कर रहे हैं कि अपने अपने मन्दिर के बाहर लिख कर टाँगे की मन्दिर के अन्दर पालिथिन प्रतबन्धित है लाये गये माला फूल सामग्री को कागज के ठोगे या कपडे के थैले मे लेकर अन्दर प्रवेश हो पालिथिन बाहर रखे डस्टबिन में डाले जिससे मन्दिर साफ स्वच्छ बना रहे शहर गली मोहल्ले मन्दिर को साफ स्वच्छ बनायें रखना अब हमारा आपका भी कर्त्तव्य है नगर निगम के सफाई कर्मचारी आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं अगर किसी को कोई परेशानी दिक्कत हो तो आप अपने जोनल अधिकारी ईस्पेकटर सफाई नायक से सम्पर्क कर सकते हैं हम सभी सुरू होने वाले नव संवत्सर को बडे धूमधाम से मनाये साथ ही शहर को साफ स्वच्छ बनायें स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये शहर को 2023 स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नम्बर बनाने मे नगर निगम का सहयोग करे यह जानकारी प्रेस को दुकानजी ने दिया

## नव संवत्सर नवरात्रि मे मन्दिरो के आसपास विषेष स्वच्छता अभियान सुरु दुकानजी

प्रयागराज नगर निगम द्वारा नवरात्र नव संवत्सर के प्रारम्भ होने से पहले सभी मन्दिरों के आसपास विषेष स्वच्छता अभियान कर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की गन्दगी से परेशानी न हो सभी जोनल अधिकारी अपने अपने वार्डो के साथ साथ जहाँ जहाँ छोटी बडी मन्दिर के पास अपने सफाई कर्मी की टीम सफाई बनायें रखने के लिए कहा नगर निगम की कुडा गाडी हर मन्दिरो के आसपास विषेष स्वच्छता बनाये रखने के लिए साथ ही आसपास किसी प्रकार से पानी न जमा होने पाये आसपास की नाली साफ स्वच्छ बनायें रखने के लिये सफाई कर्मी लगाये गये है वही नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी मन्दिरों के प्रधान पुजारियों से अपील कर रहे हैं कि अपने अपने मन्दिर के बाहर लिख कर टाँगे की मन्दिर के अन्दर पालिथिन प्रतबन्धित है लाये गये माला फूल सामग्री को कागज के ठोगे या कपडे के थैले मे लेकर अन्दर प्रवेश हो पालिथिन बाहर रखे डस्टबिन में डाले जिससे मन्दिर साफ स्वच्छ बना रहे शहर गली मोहल्ले मन्दिर को साफ स्वच्छ बनायें रखना अब हमारा आपका भी कर्त्तव्य है नगर निगम के सफाई कर्मचारी आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं अगर किसी को कोई परेशानी दिक्कत हो तो आप अपने जोनल अधिकारी ईस्पेकटर सफाई नायक से सम्पर्क कर सकते हैं हम सभी सुरू होने वाले नव संवत्सर को बडे धूमधाम से मनाये साथ ही शहर को साफ स्वच्छ बनायें स्वच्छता को मजबूरी नहीं संस्कार मे लाये शहर को 2023 स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नम्बर बनाने मे नगर निगम का सहयोग करे यह जानकारी प्रेस को दुकानजी ने दिया

## 20 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगा पोषण पखवाड़ा, होंगे अलग अलग आयोजन

प्रयागराज 20 मार्च 2023 । बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिये महिला एवं बाल विकास के निर्देश पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत नवागत मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार के मार्गदर्शन में रैली का आयोजन विकास भवन सभागार से जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्या व जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिं व जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी ने रिबन काट कर पोषण पखवाडा का शुभारंभ किया। रैली विकास भवन से प्रारम्भ होकर जिला पंचायत भवन पर समाप्त हुई द्य इस दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने नारों और तख्तियों के माध्यम से लोगों को (मोटा अनाज) के उपभोग एवं प्रोत्साहन के क्रम में जागरूकता रैली निकाल कर किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि पोषण पखवाडा का आयोजन तीन अप्रैल तक चलेगा। स्वास्थ्य आयुष, पंचायती राज, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर आंगनबाडी केंद्रों पर सामुदायिक सहभागिता से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है। आयोजन के दौरान पोषण पंचायत, पोषण रैली, वजन दिवस व मोटा अनाज के प्रयोग को बढावा देने को प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि बताया कि जनपद के सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण पखवाड़ा में आयोजित स्वास्थ्य बालक बालिका स्पर्धा में 0 से 6 वर्ष आयु के बच्चों की लंबाई व वजन पोषण ट्रेकर पर फीड कराया जायेगा। बताया कि मोटा अनाज में प्रोटीन, फाइवर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीज, फास्फोरस, पोटेशियम और विटामिन बी कांप्लेक्स जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं । जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये बेहतर है। इसके साथ ही ब्लाक स्तरीय स्थानीय साग सब्जियों के आधार पर रेसिपी का प्रदर्शन एवं स्वास्थ्य केंद्रों तथा एएनएम सेंटर पर मोटा अनाज पर ध्यान केंद्रीत करने वाली आहार पद्धतियों पर जागरूकता शिविर के आयोजन किये जायेंगे। स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के अंतर्गत विजेता बच्चे के माता पिता को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया जायेगा। इस दौरान बाल विकास अधिकारी संजीता सिंह, विमल चौबे तथा सभी सीडीपीओ, सुपर वाईजर एवं मुख्य सेविका कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## मुगल दौर में भी आगे रहा है रंगरेज समाज हाजी रईस साबरी रंगरेज

गोरखपुर। रंगरेज फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित मण्डलीय सम्मेलन में रंगरेज समाज के उत्थान और तालीम क्षेत्र में कार्य करने के लिए सभी को लामबंद होने की आवश्यकता पर बल दिया गया।इस मौके पर रंगरेज फाउंडेशन आफ इंडिया के संस्थापक निजामुद्दीन रंगरेज ने समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रंगरेज समाज हमेशा से अपने वसूलों और सिद्धांतों के रास्ते पर चलते हुए समाज में अपने आपको स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि रंगरेज समाज पिछड़े वर्ग के लोगों को हमेशा से इंसाफ दिलाने की दिशा में कार्य किया है। रंगरेज ने कहा कि रंगरेज फाउंडेशन अपनी बिरादरी के हक–हकूक दिलाने की वकालत करती है। वहीं अन्य पिछड़ी बिरादरियों को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए संघर्षरत है। निजामुद्दीन रंगरेज ने समाज के नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि रंगरेज समाज के नौजवानों की जिम्मेदारी है कि अपने समाज को बेहतर दिशा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस मौके पर हाजी मुनीर रंगरेज ने सम्मेलन में आये हुए सभी रंगरेज समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रंगरेजों ने हमेशा से समाज को बेहतर रंग में रंगने का काम किया है। यही वजह रही कि लोग रंगरेज समाज पर विश्वास करते हुए अपने वस्त्रों पर रंग चढ़ाने का जिम्मा सौंपकर भरोसा जताते हैं। उन्होंने बहुत सी बातें शायरी के लफ्जों में पिरोकर रंगरेज समाज को समझाने में कामयाब रहे। उन्होंने समाज को नसीहत देते हुए कहा कि रंगरेज सदियों से अपने कर्मों की बुनियाद पर अपने कारोबार को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में स्थापित हुआ है। हाजी रंगरेज ने कहा कि गोरखपुर शहर एक एतिहासिक शहर है। गोरखपुर से रंगरेज फाउंडेशन द्वारा मण्डलीय सम्मेलन का आगाज हुआ है। इसी शहर से इंशा अल्लाह समूचे उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में रंगरेज समाज में जागरूकता लाने के लिए सम्मेलन का सिलसिला जारी रहेगा।सम्मेलन में शामिल होने आये रंगरेज फाउंडेशन आफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता हाजी रईस साबरी रंगरेज ने हदीस की रोशनी में गुफ्तगू करते हुए कहा कि रंगरेज समाज मुगल दौर से ही समाज में मकबूल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास में रंगरेज समाज का अहम किरदार रहा है। ऐसे में रंगरेज समाज को सामाजिक तौर पर जीवन जीने के लिए तालीमी तरबियत जरूरी है।सम्मेलन की अध्यक्षता महबूब सर्राफ ने किया। संचालन का दायित्व रहमानी कौमी एकता संघ के प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं वरिष्ट पत्रकार मुर्तजा हुसैन रहमानी ने निभाया। इस मौके पर रंगरेज समाज आफ इंडिया के सम्मेलन संयोजक एवं मण्डल अध्यक्ष इसरार अहमद रंगरेज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में रंगरेज समाज के लोग सियासत में तकदीर और तस्वीर की नजीर पेश करने में कामयाब होंगे। इस मौके पर रंगरेज समाज के छात्र–छात्राओं को अनुशासित जीवन जीने की महत्ता के ज्ञान को अपने अधिकार, चरित्र, सम्मान की सुरक्षा, जागरूक होने उज्जवल भविष्य और तरक्की के लिए संघर्ष की राह अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रंगरेज फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से बहुत सारे लोगों को संगठन में पद देकर सुशोभित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुहम्मद रफीक रंगरेज, लखनऊ मण्डल के मण्डल अध्यक्ष मुहम्मद नियाज रंगरेज लखनऊ , रफीक अहमद रंगरेज पप्पू, फिरोज अहमद रंगरेज,कल्लन रंगरेज आगरा , शरीफ रंगरेज फिरोजाबाद , रफीक रंगरेज कानपुर, वजीर अली रंगरेज कसया, नफीस आलम रंगरेज, इबरार अहमद, मेराज अहमद रंगरेज, नसीर अहमद रंगरेज, मुहम्मद रफी रंगरेज, हाजी मुहम्मद खालिद, मुहम्मद सुल्तान रंगरेज, मुहम्मद असलम सब्जबाग रंगरेज, बशीरूद्दीन रंगरेज एडवोकेट, मुहम्मद यूनुस रंगरेज, मुहम्मद अमन रंगरेज, खुर्शीद आलम कसया, मुहम्मद आरिफ रंगरेज, मुहम्मद आसिफ रंगरेज, मुहम्मद यूनुस रंगरेज, अबरार अहमद रंगरेज, मुहम्मद कासिम रंगरेज, मुहम्मद सारिक रंगरेज लखनऊ, मुहम्मद रईस रंगरेज कानपुर, रशीद अहमद रंगरेज लल्लू, मुहम्मद खालिद रंगरेज, मुहम्मद आरिफ रंगरेज एवं हाजी तारिक रंगरेज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# रिश्ते जो अब कुछ बचे है



आज के इस समय सारे रिश्ते लुप्त होने लगे है किसी के पास समय नहीं है
ऐसे समय आज भी कुछ लोग रिश्ते को कितनी महत्व देते हैं यह देख सचमुच अच्छा लगता हैं जी आज बहुत बहुत ही कम देखा जाता हैं सुना जाता हैं
मेरे भाई साहब बड़े आदरणीय राम प्रसाद जी त्रिवेदी मेरे पिता के, मित्र के और छोटे भाई के सभी रिश्ते को निभाते हैं
प्रतिदिन शाम उनके निवास पर मेरा एक घण्टे तक हम और मेरा अन्य भाई
अवधेश जी त्रिवेदी, शिव प्रसाद त्रिवेदी मिलते है एक मित्र की तरह सालों से बड़े भाई साहब राम प्रासाद जी के निवास पर वे मेरे लिए सदा ही पानी का इंतजाम किया करते हैं मुझे पानी पीने की खूब आदत है और परिवार की कोई भी परेशानी हो मिल कर हल निकलते हैं यही नहीं मुझे कही किसी आयोजन में जाना है तो सालों से में उनके कपड़े पहनकर ही जाता हूँ यहाँ तक कि उनके चप्पल भी कई बार मैने सालों से कोई कपड़े नहीं खरीदे मुझे कोई शोक नहीं पर उनका कहना रहता है तू आयोजन का मुख्य अतिथि है सभी कि नजरे तेरे ऊपर रहेगी जिसने बुलाया उनका सम्मान नही जाये अच्छे से जाना पड़ता है मुझे भी सही बात लगी बस कहीं भी जाना होता उन्हीं के कपड़े पहनकर जाता हूँ वैसे बहुत बहुत ही कम स्वीकार करता हूँ आमन्त्रित करते हैं पर समय नहीं मिल पता है इतना ही नहीं कभी किसी दिन
उनके घर समय पर नहीं जाना हो पाता परिवार के दायित्व मै तो वे खुद चले आते हैं यह जानने की मै अच्छा तो हूँ
आज के समय में किसे प्रतिदिन समय मिलता है फिर रिश्ते कोई भी हो पर अच्छा लगता है आज भी कुछ लोग इन रिश्ते को समझते है, महत्व देते है
पिता के जाने के बाद बड़े भाई को पिता माना जाता हूँ बहुत कम उस रिश्ते को निभा पाते है पर मेरा बड़े भाई साहब सभी रिश्ते को समझते
बेखुबी निभाते हैं और पूरा प्यार देते हैं
ये सब लिखते अच्छा लग रहा है कि चाहता है सभी इन सभी रिश्ते को पुरी आस्था और निष्ठा से निभाते हुए जीवन बिताये यही आपको सुख सुकून के साथ अंतिम समय बहुत ही राहत और अच्छा महसूस करता है

डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ मध्य प्रदेश

# स्वस्थ रहने के लिए हर दिन थोड़ी एक्सरसाइज अवश्य करें

हेल्दी रहने के लिए अच्छा खाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है एक्सरसाइज करना। वर्कआउट के जरिए आप ना केवल खुद को स्लिम लुक दे सकते हैं, बल्कि यह आपकी बॉडी की स्ट्रेंथ को भी बढ़ाता है। इतना ही नहीं, यह आपकी मसल्स बिल्डअप से लेकर बॉडी बैलेंसिंग आदि को भी बेहतर बनाता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप हर दिन थोड़ी एक्सरसाइज अवश्य करें। हालांकि, अक्सर देखने में आता है कि हम खुद को फिट बनाने के लिए खुद से ही एक्सरसाइज शुरू कर देते हैं, लेकिन उससे हमें कुछ खास बेनिफिट नहीं मिलता। कभी–कभी तो खुद से एक्सरसाइज करने से आपको फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ सकता है।ऐसे में बेहतर होगा कि आप एक अच्छे फिटनेस ट्रेनर को हायर करें। हो सकता है कि आपको ऐसा लग रहा हो कि फिटनेस ट्रेनर को हायर करने से आपको अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ें और शायद इसलिए आप अपने पैसे बचाने के लिए फिटनेस ट्रेनर को हायर ना करना चाहते हों। लेकिन क्या आपको पता है कि फिटनेस ट्रेनर को हायर करने से आपको कई बेहतरीन लाभ मिलते हैं, जिसके बारे में आज में आपको बताऊंगा यूं तो फिट रहने के लिए कई तरह के वर्कआउट किए जा सकते हैं।
आकाश पटेल जो फिटनेस मिस्टर दिल्ली एवं मिस्टर मध्यप्रदेश रह चुके है और अपने वेट कैटेगिरी में ओर वो डिवीन फिटनेस क्लब में मैनेजर है और साथ ही पर्सनल फिटनेस ट्रैनिंग और ऑनलाइन ट्रेनिंग भी देते है, कहते है कि एक ही एक्सरसाइज को भी कई तरह के वैरिएशन से किया जाता है। कारणों को जानने के बाद आप भी जरूर हायर करना होता फिटनेस ट्रेनर। ऐसे में आपके लिए कौन सी एक्सरसाइज किस तरह से करने से बेस्ट रिजल्ट मिलेगा, इसके बारे में आमतौर पर लोगों को पता नहीं होता। इस स्थिति में फिटनेस ट्रेनर को हायर करना आपके लिए लाभदायक होगा। एक फिटनेस ट्रेनर आपकी स्ट्रेंथ और हेल्थ इश्यूज को ध्यान में रखकर आपके लिए वर्कआउट प्लॉन करते हैं। जिसके कारण आपको अपने शरीर को जरूरत से ज्यादा पुश नहीं करना पड़ता और आपको एक बेहतर रिजल्ट मिलता है।

आकाश पटेल,
फिटनेस क्लब, मैनेजर भोपाल (मध्यप्रदेश)
8770802695

# बेबस का मसीहा

अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित अवनि के पापा की हालत दिन ब दिन गंभीर होती जा रही थी। अस्पताल के बाहर रोगी बीमारों की भीड़ लगी थी। लेकिन खाली बेड उपलब्ध न होने के कारण चिकित्सक मरीजों को भर्ती करने में असमर्थ थे।और जो भर्ती थे उपचार करने के बावजूद संक्रमण खतरनाक हो जाने के कारण उनके हाल भी अछि क बेहतर नहीं थे। अस्पताल में मरीजों की मौत के बाद रोते पीटते तीमारदारों की हालत देखकर कारीडोर में खड़ी अवनि का जी भी हलकान हुआ जा रहा था।
पी पी किट पहने पूरी तरह से चाक चौबंद सामने डा. खुराना को आते देख कर वह उनकी ओर लपकी और हाथ जोड़कर विनती करते हुए बोली कि––

ष्लीज डा अंकल आप मेरे पापा को बचा लीजिए।'
ष मैं उनके इलाज के लिए सारे प्रयत्न करूँगी। ष
ष्मेरे पापा ही मेरा आखिरी सहारा हैं उन्हें कुछ हो गया तो मैं भी नहीं जी सकूँगी ।ष

सिसकती बेबस अवनि अपने पापा के मित्र डा. खुराना साहब से उम्मीद लगाए गुहार कर रही थी। अब तक बँधा सब्र का बाँध टूट चुका था। अस्पताल में मरीजों के परिजनों की हालत देखकर दिल में उमड़ घुमड़ रही दबी भावनाओं का ज्वार भाटा बह चला और रोते–रोते अवनि चिकित्सक खुराना के पैरों पर झुकती चली गई।

ष्अरे, अरे, उठो बेटी! ष्दहेखो बेटी तुम परेशान मत हो!
ष्हमसे जो भी बन सकता है। वो सब कुछ हम कर रहे हैं।ष
ष्हम लोग उन्हें बचाने की पूरी कोशिश में लगे हैं। किंतु ईश्वर की मर्जी के आगे हम चिकित्सक भी हार जाते हैं।ष

डा. खुराना ने अपने मित्र रमेश की बेटी अवनि को कांधे से पकड़ कर ऊपर उठाया। वह अवनि की होंसला अफजाई करते रहें।अवनि को ले जा कर नजदीक पड़ी बैंच पर बिठाया।हाथ में पकड़ी पानी की बोतल से पानी पिलाकर धैर्य बँधाया । वह कुछ देर सोचने के बाद अवनि से बोले कि––

ष्अवनि बेटी तुम पढ़ी लिखी नौकरीपेशा और बहुत समझदार लड़की हो।
तुम बिन माँ की बच्ची हो जिसका लालन–पालन रमेश ने माँ बाप दोनों की जिम्मेदारी समझते हुए किया है। उसने तुम्हें हमेशा बेटी नहीं बेटा माना है। और वैसे ही गुण तुम्हारे भीतर रोपित भी किये हैं ।ष

ष्जब भी तुम्हारा जिक्र होता था तब रमेश हमेशा तुम्हारी हिम्मत और दिलेरी की बातें सुनाकर प्रशंसा के पुल बाँध दिया करता था।ष
ष्इसलिए मैं समझता हूँ कि तुम अपनी जिम्मेदारी की भावना को बखूबी समझोगी ।अपने मन में किसी भी तरह से निराशा को स्थान नहीं दोगी।
रमेश भी यही चाहता है इसलिए
बेटी मैं तुम्हें अंधेरे में नहीं रखना चाहता । मैं तुम्हें सच बता रहा हूँ कि रमेश के फेफड़ों की हालत बहुत खराब हो चुकी है। अभी एक दो दिन पहले जब पूरे शहर और अस्पताल में आक्सीजन सिलैंडर का अकाल सा पड़ गया था। तब उसके फेफड़ों को आक्सीजन की सख्त आवश्यकता थी।
आक्सीजन गैस सिलैंडर देर से मिलने के कारण उसके फेफड़े पूरी तरह से सिकुड़ गये हैं। फेफड़ों में तेजी से फैले संक्रमण के कारण अब फेफड़े आक्सीजन लेने की हालत में नहीं रहें।ष
ष्ये क्या कह रहे हैं आप अंकल?
ष्लीज आप एक बार मुझे उनसे मिलने तो दीजिए।ष
परेशान अवनि का दिल जैसे हलक में उछल कर आ गया।
ष्नहीं ,बेटी नहीं!
ष्तुम उससे अभी नहीं मिल सकतीं।ष? ष्संक्रमण फैलने से रोकने की खातिर आई सी यू में दक्ष चिकित्सक के अलावा किसी को भी अन्दर जाने की अनुमति नहीं है ।ष

कहते–कहते अपने दोस्त रमेश के लिए डा. खुराना की आँखों में आँसू छलक पड़े।
रमेश की बेटी का मन कमजोर न हो जाए इसीलिए उन आँसुओं को छलकने से रोकने के प्रयास में उनके गले में गोले से अटकने लगे वह तेजी से मुड़े और अन्दर आई सी यू की ओर बढ़ चले।

मजबूर अवनि डा अंकल की बात सुनकर सदमे की सी हालत में आ गई। उसे समझ नहीं आ रहा था कि भगवान कैसी परीक्षा ले रहे हैं?
मम्मी को तो बहुत पहले ही छीन चुके हैं और अब पापा की जान भी खतरे में है।
अवनि को कुछ क्षण के लिए लगा कि उसके अंगों को जैसे लकवा मार गया है। उसके हाथ पैरों और दिमाग ने एक साथ काम करना बंद कर दिया है। बहुत देर तक निश्चल उसी बैंच पर बैठी रह गई।

और फिर वही हुआ जिस डर के सदमे में अवनि शाम तक यूँ ही बैठी रही थी। आखिर नर्स के द्वारा उसे वो बुरी खबर सुनने को मिल गयी।कि उसके पापा इस दुनिया को छोड़ कर जा चुके हैं।

ष्नहीं !नहीं!!ष
ष्पापा आप ऐसा नहीं कर सकते।
आप मुझे अकेले छोड़ कर नहीं जा सकते पापा।ष

अवनि बुरी तरह चीखीं और दहाड़े मारकर निढाल हो गई।
उसके पापा के हालचाल लेने आई आफिस की सहेली ने उसे सहारा देकर सभाँला ।
सीलबंद बाड़ी स्ट्रेचर पर बाहर आई अवनि के चाचाजी और अन्य परिजनों को सौंप दी गई।
एक बार मुझे पापा का चेहरा तो देख लेने दो चाचाजी।ष
सिसकती अवनि बहुत मजबूर महसूस कर रही थी।
ष्आखिरी बार मैं उनके दर्शन तो कर लूँ। ष
कहकर अवनि पापा की स्ट्रेचर की ओर दौड़ी संक्रमण के खौफ से दूर वह इस समय अपना भला बुरा समझने की हालत में नहीं थी।हालात से टूटी अवनि जैसे अपना होश खोती जा रही थी।
छम छम बरसती आँखों से अवनि के आँसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।
उसके चाचाजी ने आगे बढ़कर अवनि को होंसला दिया, चाचाजी के सीने से लगकर अवनि नन्हें से बच्चें की तरह बिलख उठी।सामने से एम्बुलेंस के आ जाने पर सीलबंद बाड़ी श्मशान घाट पर ले जाई गई।
अधिकतर ईसाई लोग या फिर विदेशों में मृत लोगों के शरीर को पैक कर दिया जाता है वैसे ही अवनि के पापा का मृत शरीर सीलबंद कर पैक कर दिया गया था।
श्मशान घाट के दो लोगों ने बाड़ी उतार कर चिता पर रख दी। मुँह पर मास्क लगाये अवनि के चाचाजी ने अपने बड़े भाई के मृत शरीर को अग्नि के सुपुर्द कर दिया।

चाचाजी के परिवार और अन्य परिजनों ने ऐसे समय में अवनि का पूरा ध यान रखा। पापा अब हमारे साथ नहीं है इस सच्चाई का सामना करने के बाद अवनि काफी सभँल चुकी थी।
अवनि का जैसे एक नये रुप में जन्म हुआ।
अपनों को खोने का दर्द किसी भी इंसान के दिल दिमाग को कितना बेबस और मजबूर करता है इस दर्द को अवनि स्वयं झेल चुकी थी।
अतः वह चाहती थी कि जैसा दर्द मैने मेरे परिजनों ने झेला है ऐसी स्थिति में कोई मजबूर व्यक्ति फँसा है तो उसे आवश्यकतानुसार अवश्य ही सहारा मिलना चाहिए।
भगवान भी इंसान को ही इंसान की सहायता के लिए भेजते हैं। इसीलिए उसने मैडिकल कॉलेज के विशेष प्रबंधक से मिलकर पढ़ाई–लिखाई करने में होशियार चिकित्सक, नर्स बनने के इच्छुक कुछ लड़के, लड़कियों की फीस अपने परिजनों से डोनेशन कराकर जमा कराई थी।
इसके अलावा उसके ऐसे नेक कृत्य से उसके परिजन एवं आफिस के साथी बहुत प्रभावित हुए । अब वे सब भी हाथ से हाथ मिला कर उसके साथ जुड़ चुके थे।
अवनि ने अस्पताल में फोन करके मरीजों की जानकारी जुटाई और जहाँ जिस मरीज को जैसी जरूरत होती उसे वैसी ही गैस सिलेंडर जीवन रक्षक दवाईयां भोजन जूस खाने पीने आदि की व्यवस्था का इंतजाम अपनी देखरेख में कराने लगी।
आज अवनि समाज के मजबूर दीन हीन अभावग्रस्त दुखी लोगों के लिए मसीहा बनकर उभरी।
वह लोगों के जीवन में उनकी संजीवनी बन दुख मिटाने की दवा बन चुकी थी।

ध सीमा गर्ग मंजरी
मेरी स्वरचित रचना
मेरठ उत्तर प्रदेश

# आजकल की विक्रय विधि

आजकल के जमाने में विक्रय विधि का एक तरीका हो गया है की किसी चीज की बिक्री बढ़ानी हो तो लालच दे दे । जिससे चीज की बिक्री हो जायेगी । ठीक इसी तरह राग – द्वेष आदि को हम बढ़ायेंगे तो उसके साथ हमारे कर्मों का बन्धन तैयार हैं । अपरिग्रह रहित होंगे व जीवन जीयेंगे तो आगे के लिये मोक्ष की सीढ़ी तैयार हैं । बचपन क्या छूटा कि मन की पवित्रता और निश्चलता भी छूट गयी।कारण कंधे पर जिम्मेवारी और आर्थिक जगत की अंधी दौड़। वर्तमान युग हो गया भौतिकतावाद और टेक्नॉलजी का।एक इंसान की कार्य क्षमता हो गयी दस आदमी जितनी।एक समय था कि प्रायः हर व्यक्ति सादा जीवन उच्च विचार की धारा में चलते थे।भरा–पूरा परिवार एक साथ आँगन में बैठ कर एक ही थाली में खाते थे।ना ज़्यादा खाहिशें थी और ना ही मन में किसी तरह की बेईमानी।घर के मेन गेट पर ना ताले होते थे और ना ही गहने रखने के लिये बैंक लॉकर। समय बदला, इंसान के सोच का तरीकष भी बदल गया।हर इंसान पैसों के पीछे दीवाना हो गया।किसी का ध येय अति मेहनत और लगन से ज़्यादा धन कामना तो किसी का लक्ष्य चोरी–बेईमानी से ध न प्राप्त करने की लालसा बढ़ गयी। जब एक स्टेज ऐसा आता है कि अकूट संपती तो इकट्ठी कर ली तो अब अपने स्टेट्स को बरकरार रखने के लिये संतोष भी नहीं कर सकता।और अधिक धन प्राप्ति के लिये तरह–तरह के दांव पेच भी अपनाने लगा।अपने गुँथे जाल में खुद ही उलझ गया। आज का इंसान धन तो खूब कमा रहा है पर बदले में खो रहा है पारिवारिक प्रेम और मन की शांति।एक ही परिवार में चार सदस्यों को आपस में एक साथ बैठ कर कुछ पल बिताने का समय नहीं।इंसान अपनी लाइफ को भी एक मशीन की तरह बना लेता है।जो चौबीस घंटे या तो कुछ कघर्य करता है या सोते समय भी व्यापार की ही सोचता है। जब फुर्सत में कभी सोचता है कि मैंने धन तो बहुत कमाया पर अपने जीवन की सुख–शांति खो दी। तब इंसान को अपना बचपन याद आता है कि वो भी क्या दिन थे।पूरा बचपन हीकवल सुख–शांति, मौज–मस्ती और निश्चल जीवन की जिंदगी थी।पर अब वो बचपन वापिस लौट कर कभी नहीं आता। केवल साधु –संतों का ही जीवन कुछ हद तक बचपन वाला होता है क्योंकि ना उन्हें कमाने की चिंता और ना संग्रह करने की फिक्र।वो अपनी फकडीरी में ही मस्ती का जीवन जीते हैं और अपने जीवन का कल्याण करते हैं। इस तरह हम जैसा बीज बोयेंगे फल भी वैसा ही पायेंगे । इसलिये कहते है की यह मानव के ऊपर निर्भर करता है की वह अपने जीवन यापन में कैसी विधि अपनाता हैं ।

प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़)

# रानी वेलु नाच्चियार

भारत की आजादी के वीरांगना वेलु नाच्चियार हैं। दक्षिण तमिल प्रदेश के श सेतु नाडु श कहलाया गया रामनाथपुरम। ( रामेश्वरम के निकट) के राजाश्री चेल्लमुत्तु विजय रघुनाथ सेतुपति की एक मात्र पुत्री वेलुनाच्चि का जन्म सन् 1730 में हुआ था। राजा सेतुपति ने अपनी पुत्री को माँ का भी प्यार देकर पाला था, क्योंकि वेलुनाच्चि की छोटी उम्र में ही माँ का देहन्त हो चुका था। दूरदर्शी राजा के मार्गदर्शन में वेलुनाच्चि ने अस्त्र – शस्त्र में प्रवीणता पाई। मातृभाषा तमिल के साथ – साथ तेलुगु, कन्नड, मलयालम, उर्दू, व अंग्रेजी भाषाओं की पारंगत थी वेलुनाच्चि।
राजकाज का ज्ञान भी उससे अछूता नहीं था। जब वह तेरह वर्ष की थी तब राजमहल के पांगण में ही उसने अपने गुरु वेट्रिवेल से लाठी चलाने की कला में लोहा मनवाया था। काल चक्र घूमता गया। शिवगंगा में वेलुनाच्चि के 5 वर्षा पूरे हुए। सन् 1750 में शिवगंगा के राजा शशिवर्ण देव की मृत्यु किसी षड्यन्त्र से हुई थी।
पूज्य पिताश्री के देहान्तोपरान्त राजकुमार मुत्तुवडुगनाथ शिवगंगा की राजगद्दी पर विराजमान हुए। राजकुमारी वेलुनाच्चि भी अब रानी वेलुनाच्चि कहलाने लगी थी। रामनाथपुरम के राजमहल ष रामलिंग विलास ष की सजावट किसी मंगल कार्य हेतु हो रही थी। हाँ, वेलुनाच्चि की सगाई शिवगंगा रियासत के राजकुमार श्री मुत्तुवडुगनाथ के साथ हुई थी। उस समय वह केवल 16 वर्ष की थी। राजकुमार श्री 18 वर्ष के थे। दोनों राजघरानों की सहमति इस बात पर बनी कि शुभ कार्य में विलंब न हो। तदनुसार वेलुनाच्चि मुत्तुवडुगनाथ का विवाह भी शीघ्र ही सम्पन्न हुआ। शिवगंगा में सत्ता परिवर्तन का समाचार पाकर झंझऊर ( मध्य तमिल प्रदेश का एक) राज्य के नरेश प्रतापसिंह ने ( हनुमन्तकुडि गावँ जो रामनाथपुरम और शिवगंगा रियासतों के लिए आमस्थल था, उसपर) चढाई कर दी। उसका सामना रामनाथपुरम व शिवगंगा की अलग – अलग सेनाएँ एकजुट होकर करने लगी। इस युद्ध में वेट्रीवेल ने ( जो वेलुनाच्चि को लाठी चलाने की कला में निपुण बना चुका था तथा शिवगंगा में रानी वेलुनाच्चि का अंग रक्षक बनकर मौजूद था ) अपनी वीरता के झण्डे गाडे थे जिसकी चर्चा बहुत चली थी।
नव दम्पति एकान्त मधुर – मिलन हेतु निकटस्थ ष कुट्टालम ष जलप्रपात की सैर करने गए थे। यहाँ की प्राकृतिक रंगोली पर राजकुमार श्री मुग्ध हुए थे, तब अचानक एक बाघ ने उपसर हमला कर दिया। इस अनपेक्षित घटना से राजकुमार श्री एक पल के लिए चौंक तो गए थे, फिर भी बडी दिलेरी से बाघ का सामना किया। जब राजकुमारी नाच्चियार ने यह महसूस किया कि पतिदेव को बाघ के पंजों से छुडाना आवश्यक है, तो वे आगे आई। बाघ अब राजकुमारी पर टूट पडा। परन्तु वीरांगना राजकुमारी का मुकाबला न कर पाने के कारण बाघ को नौ – दो ग्यारह होना पडा था। राजकुमारी वेलुनाच्चि को ससुराल प्रस्थान करने की घडी आई। बाबुल का घर छोडना। राजकुमारी वेलुनाच्चि के लिए प्रसन्नता की बात तो नहीं थी, फिर भी रीति – रिवाज का पालन भी तो आवश्यक है। जिस पिता ने माँ का भी प्यार दिया था तथा पुत्री के लालन – पालन को ध्यान में रखकर दूसरा ब्याह तक नहीं किया था, उनको भी भला पुत्री से बिछुडना क्या साधारण सी बात थी ? अन्ततः राजकुमारी वेलुनाच्चि श रामलिंग विलास श के विदा होकर शिवगंगा के राजमहल ष गौरी विलास ष में बहुरानी के रुप में पदार्पण किया था। राजकुमारी वेलुनाच्चि को अश्वारोहण कला में भी कीर्ति प्राप्त थी। उसकी माँग को पूरा करते हुए राजा पिता ने तत्काल एक श शाही छोडा श अपनी पुत्री को विवाहोपरान्त भेंटस्वरुप भिजवा दिया था।
रानी वेलुनाच्चि प्रसन्न वदना थी, और अपनी प्रजा से सहज रुप से मिला करती थीं। किसी दिन रानी को पता चला कि अपने राज्य में दलितों और पतितों के साथ अत्याचार और अभद्र व्यवहार का बोलबाला है। किसी भी जाति विशेष के साथ शिवगंगा में अन्याय हो और उस पर आँखें मूँद ले, यह रानी नाच्चि को गवारा नहीं था। उसे यह भी पता चला कि हनुमन्तकुडि के समर में दलितों ने पर्याप्त योगदान भी दिया था। ऐसे में नगर के शशिवर्णेश्वर मंदिर में प्रवेश से दलितों को रोका जा रहा था। रानी ने अपने पतिदेव राजा मुत्तुवडुगनाथ का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। राजा ने सम्बन्धित सब लोगों को यह आज्ञा दी थी कि दिवंगत राजा के शासन – काल में जो नीति मंदिर प्रवेश के सम्बन्ध में थी, उसका बरकरार रखा जाए। इस तरह दलितों और पतितों को भी मंदिर में प्रवेश और पूजा का अधिकार लौटा दिया गया था। किसी समय आर्काट के जवान चन्दा साहब के साथ हुए युद्ध में हारे मदुरै के राजा बंगारुतिरुमलै और उसका पुत्र विजयकुमार को शरण शिवगंगा ने दी थी। युद्ध में नवाब के सिपाहसालार को हराकर शिवगंगा के राज के द्वारा मदुरै को पुनः पिता – पुत्र को सौंप गया था। हनुमंतकुडि में जो हश्र हुआ था, उसकी चुमन तंजाऊर के नरेश के दिल में रह रहकर सता रही थी। सन् 1755 में उसने पुनः आक्रमण करने का मन बनाकर मराठी सेना से समझौता कर लिया था। मराठी सेना के सहजोग से उसने हुमंतकुडि का एक हिस्सा हडप लिया था। इसका दो टूक जवाब देने के लिए फिर से रामनाथपुरम – शिवगंगा की सेनाएँ निकल पडीं। परंतु आश्चर्य की बात थी कि अब की बार तंजाऊर की सेनाएँ लडने के बजाए शान्ति का परचम हाथ में लेकर विरोधी सेना के सामने दिखाई दीं।
अन्दर की बात यह थी कि फिरंगी भेडियों से हाथ मिलाने के कारण ही यह शान्ति का नाटक खेला गया था। इसका परिणाम यह था कि मदुरै मुख्यालय से फिरंगी सेनापति हेरान ने रामनाथपुरम और शिवगंगा के राजाओं को सन्देश भेजा कि दोनों आकर मदुरै में उससे मिलें। यह तो भारत देश के स्वीधानता संग्रम का अनगिनित वीर योद्धाओं की बलिदानों की ही गाथा हैं।
टी एस शान्ति मदुरै तमिल नाडु।
9486207819

## धनराज सिंगोदिया (सैनी) बने वार्ड नंबर 14 के कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष लोगों ने दी बधाई



जयपुर राजस्थान। ग्रेटर के विद्याधर नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 14 से धनराज सिंगोदिया (सैनी) को कांग्रेस का वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के लिए प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यालय प्रभारी ललित तुनवाल, पीसीसी कोषाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल व झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र पाल जादौन को वार्ड की जिम्मेदारी देने के लिए आभार जताया व अपने वार्ड में लोगों को होने वाली समस्याओं को पूरी जिम्मेदारी के साथ निस्तारण कराने की शपथ ली। सैनी के वार्ड अध्यक्ष बनने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। तथा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। यह खबर बरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा द्वारा दी गई।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर से साक्षर बने लोगों की परीक्षा आयोजित



नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 15 वय वर्ग के निरक्षर का चिन्हांकन एनआईएलपी ऐप पर फीडिंग कर वॉलेंटियर के माध्यम से उनको साक्षर बनाया जाना है। जनपद हरदोई में निरक्षर से साक्षर बन चुके लोगों की परीक्षा 19 मार्च 2023 रविवार को सकुशल सम्पन्न हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनीता के दिशा निर्देशन में जनपद हरदोई के समस्त परिषदीय विद्यालय सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक खुले रहे। वॉलेंटियर के माध्यम से लोगों ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर उपलब्ध कराये गए प्रश्नपत्र को हल किया एवं पंजिका पर अपनी उपस्थिति भी दर्ज की। इस दौरान राज्य स्तर व जिला स्तर से बनाई गई टीमें भी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रही। जब परीक्षा देने आये लोगों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अब उनके ऊपर जो अनपढ़ कहे जाने वाला एक दाग था वह अब नहीं रहेगा। सामान्य चीजों को पढ़कर अब समझ भी बना सकेंगे। परीक्षा देकर वह सभी खुश नजर आये और यह वादा किया कि उनके संपर्क में जो लोग भी होंगे उनको भी वह साक्षर बनने के लिए प्रेरित करेंगे।

## बिजली कर्मचारी संघ ने हड़ताल वापस ली

अयोध्या संघर्ष समिति ने एक दिन पहले कार्य बहिष्कार आंदोलन को किया समाप्त। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संघर्ष समिति को भी आश्वासन दिया कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ की गई सम्पूर्ण कार्यवाही कोवापास लिया जाएगा। और इसके लिए उन्होंने यूपीपी सी एल के चेयर मैन को निर्देशित भी किया। कि अब तक कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्यवाही में चाहे एफआईआर हो, निलंबन हो, या अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही की गई हो। इसे शीघ्र ही वापस लिया जाएगा।

## नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 111वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

करनाल। नशा मुक्त हरियाणा जित दूध दही का खाना के नारे के साथ नशा मुक्त अभियान में जुटी हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय तरावड़ी में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 111वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा की अध्यक्षता में डॉ. सरिता यादव, आभा नरवाल, डॉ. चरणदास, डॉ. विनोद मेहला, मनीष गर्ग और हरपाल सिंह द्वारा संचालित किया गया। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित स्वयंसेवकों के साथ अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारत में 70 प्रतिशत जनसंख्या युवाओं की है। यदि देश का युवा नशे से दूर होगा तो देश विकास के मार्ग पर अग्रसर होगा और यदि नशे में ग्रस्त हो गया तो देश को कौन संभालेगा कोई बाहर वाला आकर हर से हमे निकालेगा। नशा व्यक्ति के नाश का द्वार है। उन्होंने स्वयंसेवकों को हर प्रकार से नशे से दूर रहने के साथ साथ अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा को गमला भेंट किया और कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि नशा न निर्धन को देखता है न धनवान को देखता है वह तो सभी नशा करने वाले लोगों के जीवन को समाप्त कर देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ जीवन में नशा न करने की शपथ ली।



## कैरियर कॉउंसलिंग में बच्चों को मिला मार्गदर्शन

रूद्रपुर (देवरिया)। रविवार को प्रत्युष विहार रामचक स्कूल के सभागार में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए ध्0जी व 12जी के बाद क्या करें?ष विषय पर कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कैरियर काउंसलर ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज कुमार सिंह (केमेस्ट्री) व प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर काउंसलर के रूप में आई आई टी बॉम्बे से प्रधानमंत्री रिसर्च फैलोशिप योजना के तहत पीएचडी कर रहे वचन कुमार, रिसर्च स्कालर आई आई टी बॉम्बे प्रत्युष कुमार भारत, बीएस केमेस्ट्री ओमप्रकाश जामदार, ई0 मुकेश सर (गणित), पंकज सर (रसायन विज्ञान), प्रज्ञा सिंह (मास्टर्स, बी०बी०ए०य०0 लखनऊ), पलक सिंह (सैफई मेडिकल कॉलेज) व प्रभाकर सिंह (गणित, राजस्थान यूनिवर्सिटी) ने ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्र–छात्राओं द्वारा पूछे गए तमाम प्रश्नों का जबाब अपने अनुभव और योग्यता के अनुसार बखूबी रूप से दिए। विद्यार्थियों के तरफ से होने वाले मुख्य प्रश्नों में 10 वीं के बाद के क्या–क्या स्ट्रीम है, फैमिली प्रेशर है उसके लिए उपाय, ब्यअपस्म"मतअपबमे में कैरियर कैसे बनायें, प्ब्श्रम्म छम्म्ज के तैयारी के लिए रणनीति इत्यादि पर सभी ने अपने विचार रखें। इस दौरान पंकज कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रूद्रपुर जैसे क्षेत्र में ऐसे जागरूकता वाले कार्यक्रम बहुत ही कम देखने को मिलता है। इस विद्यालय द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए बच्चों को बताया कि आप सौभाग्यशाली है कि आपकी काउंसलिंग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह ने विद्यार्थियों से मार्गदर्शन व काउंसलिंग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। ई0 प्रशान्त कुमार सिंह ने सभी वक्ताओं व विषय विशेषज्ञों के प्रति आभार जताया। इस दौरान सुनिल सर, सुरेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्र राव, अनुश्री विश्वकर्मा, रमेश प्रधान, हीरा साहनी, प्रतीक सिंह, निधि गौतम, अनुजा सिंह आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब गोला व रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ ने आयोजित किया मेगा रक्तदान शिविर

रक्तदान अमृत महोत्सव की श्रृंखला में रोटरी क्लब व रोट्रेक्ट क्लब गोला श्यूथ द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी व रोट्रेक्ट के सदस्यों के साथ–साथ पैरामाउंट कम्पटीशन क्लासेज के छात्र छात्राओं एवं अन्य जनमानस ने भी स्वेच्छा से एक यूनिट रक्त दान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने किया श्रीमती अग्रवाल ने कहा रक्तदान महादान है। इससे कइयों मरीजों की जान बचाई जा सकती है उन्होंने बताया कि कोरोना काल में रक्त और ऑक्सीजन की भारी कमी हो गई थी जिससे काफी असुविधा का सामना करना पड़ा था इसलिए रक्तदान के लिए समाजसेवी संस्थाओं को ही आगे आना होगा जिससे जनसाधारण को लाभ मिल सके। जिला अस्पताल से ब्लड बैंक प्रभारी सुश्री रची ने कहा कि किसी जरूरतमंद को समय पर उपलब्ध हुआ रक्त उसके जीवन के साथ–साथ उसके परिवार की मुस्कान भी बचा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान करने से कोई भी समस्या नहीं होती और कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्त दान कर सकता है। रक्तदान करने वाले लोगों में रोट्रेक्ट क्लब से रोट्रेक्ट अध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा, डिप्टी डीआरआर हर्षित गुप्ता, आई पी डीआरआर रिशु माहेश्वरी, प्रभात श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, आकर्षण अग्निहोत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर संयोजक अंकुर वर्मा आदि रहे। इस मौके पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य अभिषेक राजपूत, रोटरी अध्यक्ष डॉक्टर योगेश कनौजिया एवं रोट्रेक्ट सचिव फरीद अहमद, कोषाध्यक्ष गौरीश सिंह सहित सदस्य कर्म सिंह, आनंद प्रताप सिंह, कुलदीप तिवारी, सर्वेद्र अनुराग वर्मा, आशुतोष विश्वास, पंकज जायसवाल व युवा स्वयंसेवक संदीप वर्मा एवम् न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज के छात्र छात्राएं आदि और नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## रामनगरी में मुख्यमंत्री श्री योगी ने किया रामलला का दर्शन एवं पूजन,राम मंदिर के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



मांझी ,अयोध्या अयोध्या, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्मनगरी अयोध्या में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते अभूतपूर्व बिजली संकट के बीच 19 मार्च 2023 दिन रविवार को यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन के बाद विकास कार्यों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री यहां करीब पांच घंटे रहेमुख्यमंत्री यहां करीब पांच घंटे रहे,रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे के दौरान राम कथा पार्क के हेलीपैड पर उतरने के बाद सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां दर्शन पूजन के बाद राम जन्मभूमि पहुंचे और रामलला का दर्शन किया। उन्होंने सुग्रीव किला से रामजन्मभूमि तक जाने वाले जन्मभूमि पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान जन्मभूमि पथ पर लगाए गए मार्ग के डिस्प्ले का भी जाएजा लिया और अधिकारियों से मार्ग में लगाए जा रहे पत्थरों की गुणवत्ता और आपूर्ति के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टेढ़ी बाजार स्थित मल्टीलेवल पार्किंग व बनाए जा रहे कंपलेक्सकाभी निरीक्षणकियारानोपाली सेतु निगम के द्वारा निर्माणाधीन समपार 111 बी और 112 का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री मणिरामदास छावनी पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास से भेंट किया हैं !

## विधानसभा के बनकुईयां में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक

मध्यप्रदेश समरिया विधानसभा में बैठक ब्लॉक,सेक्टर, मंडलम के पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी के संगठन कार्य एवं भविष्य की कार्य योजना को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा जी,पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष श्री त्रियुगी नारायण शुक्ला भगत जी पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र समरिया,जिला संगठन मंत्री श्री रवि तिवारी,कांग्रेस नेता श्री प्रदीप सोहगौरा, कांग्रेस नेता श्री लालमणि पाण्डेय,कांग्रेस नेता श्री दिवाकर द्विवेदी, कांग्रेस नेता श्री गजेन्द्र दुबे,ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिथिलेश द्विवेदी सहित ब्लॉक,सेक्टर एवं मंडलम के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जनहित के मुद्दों को लेकर विफल सरकार के खिलाफ आमजन एवं कांग्रेस पार्टी के जांबाज सिपाहियों ने बिगुल फूंक दिया है।आगामी 2023 विधानसभा चुनाव में प्रदेश में परिवर्तन सुनिश्चित है।

## आरे पिकनिक प्वाइंट को मिनी अम्यूजमेंट पार्क में तब्दील करेगी प्रियंका अलाइड सर्विस



मुंबई। ग्लोबल होती दुनिया में बच्चों के लिए मनोरंजन के यूं तो अनेक साधन हैं, परन्तु अब बच्चों को खुली जगहों पर खेलने और पिकनिक मनाने जैसे शौक लगभग खत्म से होने लगे हैं। इसका मुख्य कारण है आसपास में मनोरंजक स्थानों का न होना। यही कारण है कि अब बच्चे खुले मैदानों की बजाय मॉल एवं अन्य कृत्रिम खेलों में उलझ गए हैं। उनके मनोरंजन की दुनिया बंद कमरे में इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे मोबाइल, लैप टॉप , टैबलेट आदि में सिमट गई है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान रखते हुए प्रियंका अलाइड सर्विसेष के माध्यम से गोरेगांव (पूर्व) की आरे कॉलोनी में 'आरे पिकनिक पॉइण्ट' बनाया गया है। 15 एकड़ में फैला खुला एवं प्रकृति के बीच बसा यह आकर्षक और मनमोहक स्थान सुकून भरे पलों का अहसास कराएगा। इसमें फिलहाल 12 प्रकार के सरीसृप (रेप्टाइल्स), विभिन्न तरह के खतरनाक सांपों को यहां नागरिकों को दिखाने व विभिन्न प्रजातियों के मनमोहक 37 प्रकार के देशी विदेशी पक्षी एवं 15 प्रकार के बतख आदि अन्य जीवों के लिए यहां स्थान सुरक्षित किया गया है। इससे जहां बच्चों को एक ओर पिकनिक का आनंद मिलेगा, वहीं उन्हें सरीसृपों, पक्षियों एवं अन्य जीवों के बारे में प्रत्यक्ष रूप से देखने, जानने एवं ज्ञानवर्धन का मौका मिलेगा। यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं एवं मनोरंजन के लिए सेल्फी पॉइण्ट, गेमिंग जोन एवं बोटिंग की भी व्यवस्था रहेगी। प्रियंका अलाइड सर्विस से जुड़े टीम के लोगों ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि यहां हम विदेशी पर शाकाहारी बेहद बड़े आकार की छिपकलियां भी लाने वाले हैं जिनके साथ बच्चे खुलेआम खेल पाएंगे। भविष्य में यहां एक आयुर्वेदिक सेंटर की स्थापना भी की जाएगी। हम इस सारे परिसर को ईको फ्रेंडली एवं प्राकृतिक बनाएंगे। वहीं राजेश मिश्रा ने कहा कि यहां हम पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा–पूरा ध्यान रखेंगे। हम चाहते हैं कि लोग बैंकॉक आदि विदेशों में घूमने की बजाय आरे पिकनिक पॉइण्ट पर आएं और उन्हें यहां पूरा आनंद मिले। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रेमशंकर तिवारी ने कहा कि आरे पिकनिक पॉइण्ट बहुत ही जल्दी पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

## मातृत्व एकेडमी माझी नगर निकट अशरफी भवन अयोध्या में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



अयोध्या! मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन धर्मनगरीअयोध्या धाम के अशर्फी भवन स्थित मातृत्व एकेडमी में 19.03.2023 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सुधांशु मिश्रा जी (पूर्व प्राचार्य एम आई सी इंटर कॉलेज ( वर्ष 2003 में राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित) आशा रानी सिंह जी (समाज सेविका एवम् संस्थापक सदस्य तुलसी कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी,कला प्रदर्शनी एवम् सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को मेडल सर्टिफिकेट देकर बच्चो को सम्मानित किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम आने वाले बच्चे के नाम हैं देवांश, विनायक गौरांग अदिति ऋषि आत्रेय पवन सिंह, राघवेन्द्र प्रांजल, अभिनव, लक्ष्मी, राज कृष्णा आरुषि,पूर्णिमा ।सामान्य ज्ञान-तियोगिता में प्रथम देवांश आयांश हर्ष अध्यव संस्कृति शिवांश देवांश पेरिस शाश्वत आस्था वंशिका सेजल राज।कला प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रचना सिमरन शक्ति काव्या कान्हा सुप्रिया नंदिनी आर्यन स्वाति वंशिका लक्ष्मी आरूषि।इसी बीच रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन डॉ रामचद्र भागवत जी के निर्देशन में हुआ। जो कि आकाशवाणी एवम् दूरदर्शन के उच्च श्रेणी के कलाकार हैं।अभिभावकों की उपस्थिति संतोषजनक रही।प्रबंधक संतोष कुमार गुप्ता जी ने बताया कि बच्चे आज के कार्यक्रम का बहुत ही उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। उनकी आंखों में जीत की चमक साफ दिख रही थी। विद्यालय परिवार सभी बच्चो को उनकी सफलता योग्यता श्रेष्ठता के लिए बधाई देता है उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है। रेनू वर्मा जी एवम् ज्योति सिंह जी जो कि एक सफल संयोजक है इन्होंने ही पूरे कार्यक्रम का संयोजन किया। सभी शिक्षकगण, अभिभावकगण का विद्यालय परिवार आभारी है ऐसे ही सहयोग करते रहे कार्यक्रम में सहभागी बने और हमारा मान बढ़ाते रहे ।

## अयोध्या में बिजली संकट पर मुख्यमंत्री श्री योगी से मिलने के ऐलान पर सपा पार्षद हाउस अरेस्ट

अयोध्या, बिजली कर्मियों की हड़ताल के दौरान छाए बिजली संकट को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का ऐलान करना समाजवादी पार्टी के पार्षद को हाऊस अरेस्ट कर लिया गया है। रविवार सुबह ही उनके आवास पर पुलिस पहुंच गई और उन्हें घर में बने रहने को कहा। इस दौरान वहां हसनू कटरा चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद हैं। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद ही उन्हें हाऊस अरेस्ट से मुक्त किया जाएगा।नगर निगम के अशफाक उल्ला खां वार्ड के समाजवादी पार्टी के पार्षद अजय पाण्डेय ने शनिवार को मुख्यमंत्री से मिलने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि बिजली संकट के कारण लोगों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने जिला प्रशासन से भेंट करवाए जाने के लिए अनुरोध किया था लेकिन रविवार सुबह ही पुलिस आवास पर आ धमकी। उन्होंने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से भेंट करना चाहते थे जबकि सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री जन प्रतिनिधि से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार तानाशाही कर रही है। वहीं पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने सपा पार्षद को हाऊस अरेस्ट किए जाने को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है।

# दरभंगा में करियर ओरिएंटेड कोर्स के समन्वयकों की हुई बैठक

दरभंगा । सीएम कॉलेज दरभंगा में करियर ओरिएंटेड कोर्स के समन्वयकों, सदस्यों एवं मीडिया प्रभारी के साथ प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार मंडल ने संयुक्त बैठक आयोजित की जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में करियर ओरिएंटेड कोर्स के अंतर्गत 6 पाठ्यक्रम संचालित है जिसकी संबद्धता एवं स्वीकृति ललित नारायण मिथिला,विश्वविद्यालय, दरभंगा, प्रशासन के द्वारा दी गई है और यह 6 पाठ्यक्रम सी एम कॉलेज दरभंगा में संचालित हैं अन्य महाविद्यालयों में भी इनसे संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित है जिसके समन्वयकों में ष्पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञानष् कोर्स के समन्वयक पूर्व में डॉक्टर मसहरूर सोगरा (अतिथि शिक्षक, उर्दू विभाग) थी, वर्तमान में सोगरा जी का स्थानांतरण हो जाने के कारण महाविद्यालय में यह पद रिक्त है जबकि इसमें छात्रों के नामांकन की कुल संख्या 40 है, इसी प्रकार ष्होस्पिटैलिटी एवं कैटरिंग मैनेजमेंटष् कोर्स के समन्वयक के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आशीष कुमार बरियार जी कार्यरत हैं और इसमें 40 छात्र–छात्राओं का नामांकन है, ई–कॉमर्स पाठ्यक्रम के अंतर्गत 16 छात्र–छात्राएं नामांकित है और इनके समन्वयक डॉ. ललित शर्मा, सहायक प्राध्यापक, कॉमर्स हैं, ष्क्रिएटिव राइटिंग एवं ट्रांसलेशनष् पाठ्यक्रम के समन्वयक के रूप में अंग्रेजी विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ मनोज कुमार सिंह है और इसमें छात्रों की संख्या 14 है, ष्फॉरेन ट्रेडष् पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ आलोक कुमार राय (अतिथि शिक्षक) वाणिज्य विभाग हैं और इसमें छात्रों की संख्या 14 है, पत्रकारिता कोर्स के समन्वयक डॉ आरएन चौरसिया जी थे, जिनका स्थानांतरण पीजी डिपार्टमेंट, संस्कृत, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में होने के कारण यह पद अब रिक्त है और इसमें पंजीकृत छात्रों की संख्या 40 है, प्रधानाचार्य जी ने बताया कि पाठ्यक्रम से संबंधित अध्ययन–अध्यापन कार्य, प्रैक्टिकल –असाइनमेंट– प्रोजेक्ट संबंधी कार्य पूर्ण हो चुके हैं और इस सत्र (2021–22 )के छात्र– छात्राओं की परीक्षा की तिथि के निर्धारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं जानकारी संबंधी प्रपत्र विश्वविद्यालय को भेजी जा रही है । प्रधानाचार्य ने ससमय पाठ्यक्रम पूर्ण करने और प्रैक्टिकल एवं असाइनमेंट संबंधी कार्यक्रमों का सफल निर्वहन के लिए सभी समन्वयकों, सदस्यों एवं मीडिया प्रभारी का धन्यवाद ज्ञापित किया । हॉस्पिटैलिटी एवं कैटरिंग मैनेजमेंट कोर्स के समन्वयक डॉ आशीष बरियार ने बताया कि जो छात्र छात्राएं अन्य विश्वविद्यालय से डिग्री लेकर हमारे महाविद्यालय में पंजीकृत हुए हैं , उनका इस विश्वविद्यालय के परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन आवश्यक है और उसके लिए निर्धारित प्रमाण–पत्रों एवं आवश्यक सूचनाओं के अनुसार पंजीकृत कराने के लिए दिशानिर्देश जारी किया जाएगा , उन्होंने यह भी बताया कि पाठ्यक्रम पूर्ण होने के कारण संबंधित छात्र–छात्राएं परीक्षा की तैयारी करते रहें, परीक्षा की तिथि का निर्धारण विश्वविद्यालय के दिशा– निर्देशों के अनुरूप कभी भी हो सकता है । ई–कॉमर्स कोर्स के समन्वयक डॉ ललित शर्मा जी ने कहा कि वर्तमान में जिन पाठ्यक्रमों में समन्वयक का पद रिक्त है,उन्हें भरने की आवश्यकता है जिससे परीक्षा संबंधी आवश्यक प्रश्न पत्र तैयार की जा सके , साथ ही साथ परीक्षा के लिए बैठक व्यवस्था एवं भवन–कक्ष इत्यादि के निर्धारण किया जा सके।बैठक में उपस्थित महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी अखिलेश कुमार राठौर ने कहा कि महाविद्यालय में संचालित होने वाले सभी करियर ओरिएंटेड प्रोग्राम में अगले शैक्षणिक सत्र (2022 – 23) में नामांकन के लिए आवश्यक सूचनाओं का प्रचार–प्रसार मीडिया(सोशल मीडिया , प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्र –पत्रिका, व्हाट्सएप , फेसबुक, महाविद्यालय के सूचना पटल) एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राएं इस प्रकार के पाठ्यक्रमों से लाभान्वित हो सके। बैठक में प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार मंडल जी सहित हॉस्पिटैलिटी एवं कैटरिंग मैनेजमेंट कोर्स के समन्वयक डॉ आशीष कुमार बरियार जी, ई–कॉमर्स प्रोग्राम के समन्वयक डॉ ललित शर्मा , क्रिएटिव राइटिंग एंड ट्रांसलेशन के समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिंह , फॉरेन ट्रेड के समन्वयक डॉ आलोक कुमार राय , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार राठौर , ,पुस्तकालय विज्ञान विभाग के समन्वयक एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शशांक शुक्ला , लिपिक विपिन कुमार प्रतुल जी सहित करियर ओरिएंटेड कोर्स से संबंधित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

